वर्ष -09, अंक -298, पृष्ठ- 8 मूल्य : दो रूपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज , सोमवार, 12फरवरी, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Download From Google Play Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### लोकसभा चुनाव के लिए द्रविण ने कसी कमर चुनावी अभियान पर नजर रखने के लिए बनाया वॉर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**चेन्नई।** द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने 2024 के आम चुनाव से पहले चुनाव कार्यों के समन्वय के लिए एक वॉर रूम की घोषणा की है। पार्टी द्वारा रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गई। चुनाव के लिए बने वॉर रूम के अलावा पार्टी के कई कार्यभार भी सौंपे गए। डीएमके के सह-संगठन सचिव अनबगम कलाई बूथ समिति और निर्वाचन क्षेत्र समन्वयकों का समन्वय करेंगे और चुनावी अभियान पर नजर रखेंगे। इसी तरह, डीएमके के उप आयोजन सचिव ऑस्टिन मीडिया और स्टार प्रचारकों का समन्वय करेंगे।चुनाव पर कड़ी नजर बनाए रखने के लिए अ्श्ख्



ने एक वॉर रूम बनाया है। वॉर रूम बनाने के अलावा पार्टी के सदस्यों को चुनाव से जुड़े कई कार्यभार भी सौंपे गए।डीएमके के सह-संगठन सचिव अनबगम कलाई बूथ समिति और निर्वाचन क्षेत्र समन्वयकों का समन्वय करेंगे और चुनावी अभियान पर नजर रखेंगे। इसी तरह डीएमके के उप आयोजन सचिव ऑस्टिन मीडिया और स्टार प्रचारकों का समन्वय करेंगे।इसी तरह, डीएमके के राज्यसभा सांसद और वकील एनआर एलंगो कानूनी पहलुओं और चुनाव आयोग से संबंधित मुद्दों का समन्वय करेंगे।

## राहुल गांधी बोले- कुछ भी कर लें, भारत के डीएनए में है प्यार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**रायगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दो दिन के अंतराल के बाद रविवार को छत्तीसगढ़ में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' फिर से शुरू की। यात्रा की दोबारा शुरुआत पर राहुल ने भाजपा और आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि वो जो भी कर लें, प्यार इस देश के डीएनए में है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा की दोबारा शुरुआत पर राहुल ने भाजपा और आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और कहा कि वो जो भी कर लें प्यार इस देश के डीएनए में है।राहुल ने इसी के साथ अगिन्वीर प्रक्रिया की आलोचना भी की और कहा कि उनकी पार्टी सुनिश्चित करेगी कि 1लाख 50 हजार युवाओं को न्याय मिले। रायगढ़ के केवड़ाबाड़ी चौक में एक सभा को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी भविष्य की पीढ़ी के लिए एक ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जहां नफरत और हिंसा न हो। राहुल ने आगे कहा कि



भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नफरत फैला रहे हैं, जबकि प्यार इस देश के डीएनए में है। इस देश में अलग-अलग धर्म और अलग-अलग विचार रखने वाले लोग शांति और प्यार से रहते हैं। उन्होंने पिछले साल मई से सैकड़ों लोगों की मौत और कई घरों में आग लगने के बावजूद अब तक संघर्षग्रस्त मणिपुर का दौरा नहीं करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी आलोचना की। गांधी ने दावा किया, उत्तर पूर्वी राज्य में गृहयुद्ध चल रहा है और केंद्र सरकार के नियंत्रण में नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मैं वहां गया, तो मैतेई समुदाय के लोगों ने मुझसे कुकी सुरक्षा कर्मियों को न लाने के लिए कहा, जबकि कुकी ने मैतेई लोगों के लिए भी यही बात कही। यात्रा के दौरान अपने मल्टी-यूटिलिटी वाहन पर चढ़ने वाले बच्चों को टॉफी देते हुए, गांधी ने एक लड़की से पूछा कि क्या वह न्याय चाहती है या अन्याय। लड़की ने जवाब देते हुए कहा कि वे न्याय चाहेंगे और यह भी कहा कि वह ठमोहब्बत का हिंदुस्तानठ चाहती है, क्योंकि वह भारत से बहुत प्यार करती हैं।




## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ज्ञानाधारित तथा कौशल विकास शिक्षा का सर्वश्रेष्ठ केन्द्र है- हिमांशु गुप्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** लायंस क्लब इंटरनेशनल



के जनसम्पर्क अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने बताया कि नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ज्ञानाधारित तथा कौशल विकास शिक्षा का प्रमुख केन्द्र है। इस निमित् केंद्र के कोऑर्डिनेटर कौसर को प्रमाण पत्र देकर् सम्मानिंत् भी किय गया मोह्द् कौसर् ने बताया कि नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ने दाखिले के लिए आवेदन करने की तिथि बढ़ाई है। इसके बाद अब विद्यार्थी 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। एडमिशन के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते हैं। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए। जनवरी 2024 सत्र की एडमिशन प्रक्रिया जारी ह एक प्रश्न के उत्तर में कोर्डिनेटर कौसर ने बताया कि कौशल विकास और ज्ञानाधारित शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों के लिए नैनी औद्योगिक केंद्र सर्व श्रेष्ठ आई टी आई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के साथ -साथ सर्वतोन्मुखी विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना है।यह केंद्र रिमोट एरिया,ग्रामीणांचल के सुषुप्त प्रतिभाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रहा है। नौकरी पेशा वाले लोग भी आसानी से पार्ट टाइम के माध्यम से अपनी रोजगारपारक शिक्षा जारी रखते हुए किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। केंद्र में नये प्रवेश तथा पुनः पंजीकरण करवाने वाले छात्र 15/03/024 तक केंद्र की पर जाकर प्रवेश ले सकते हैं। 10/02/2024 को कौसर ने केंद्र की कार्यप्रणाली के विषय मे लोगो को अवगत करते हुए बताया की कैंन्द्र मे होने वाले सेमिनार,ग्रुप डिस्कशन,इंडैट्रियल विजिट,प्रोजेक्त् प्रेजेंटेशन, टेबलेट डिएट्रीब्यूशन,इत्यादि कार्यप्रणालियों के बारे मे कौसर ने बतायकी वर्तमान मे कोपा,फिटर ,अग्निशमन, इलेक्ट्रीशियन,योगा की सीटे प्रवेश हेतु उपलब्ध है केंद्र क्वालिटी काउंसिल से स्टार ग्रेडेड है एवं इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड मे भी नाम दर्ज है इस अवसर पे भारी संख्या मे उदयोग घराने लायंस क्लब के लोग मौजूद रहे जिन्होंने केंद्र के रोजगारमुखी कर्यक्रमों की सराहना की

## किसानों के लिए राहत भरी खबर, बारिश और मानसून को लेकर मौसम विभाग ने की भविष्यवाणी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** पिछले साल अल- नीनो का जबरदस्त इफेक्ट दिखा था। हालांकि, इस साल जून में अल नीनो की स्थिति इस साल जून तक खत्म हो जाएगी। इस साल काफी अच्छी बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। कम से कम दो वैश्विक जलवायु एजेंसियों ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि अल नीनो की स्थिति कमजोर बनती जा रही है। भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि जून-अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने का मतलब यह हो सकता है कि इस साल मानसून की बारिश पिछले साल की तुलना में बेहतर होगी। हालांकि उन्होंने स्प्रिंग प्रेडिक्टेबिलिटी बैरियर का हवाला देते हुए सावधानी भी बरती। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव



माधवन राजीवन ने कहा कि जून-जुलाई तक ला नीना विकसित होने की अच्छी संभावना है। घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि जून-अगस्त तक ला नीना की स्थिति बनने का मतलब यह हो सकता है कि इस साल मानसून की बारिश पिछले साल की तुलना में बेहतर होगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के पूर्व सचिव माधवन राजीवन ने कहा कि जून-जुलाई तक ला नीना विकसित होने की अच्छी संभावना है। जून-अगस्त में ला नीना विकसित होने की 55 प्रतिशत संभावना दक्षिण-पश्चिम मानसून भारत में एक साल में होने वाली बारिश का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा है, जो कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। यह सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 14 प्रतिशत है और इसकी 1.4 अरब आबादी में से आधे से अधिक को रोजगार देता है।

## 'भारत को मॉस्को से दूर करने के लिए प्रतिबंधों की धमकी दे रहा अमेरिका', रूसी राजदूत ने लगाया आरोप

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**केरल।** केरल के कोझिकोड में दर्दनाक हादसा, नदी में नहाने गए तीन लोग डूबे; एक दूसरे को बचाने में गई जानपीटीआई, कोझिकोड। केरल के कोझिकोड जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये हादसा शनिवार को उत्तरी कोझिकोड जिले के कुनन्मंगलम में हुआ है।केरल के कोझिकोड जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये हादसा शनिवार को उत्तरी कोझिकोड जिले के कुनन्मंगलम में हुआ है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह हादसा उस समय हुआ होगा जब



लड़का अचानक पानी में बह गया। तभी ये हादसा हुआ।पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए लोगों की पहचान महिला सिंधु उर्फ ??मिनी, उसकी बेटी अथिरा और रिश्तेदार 13 वर्षीय अद्वैत के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह सभी लोग नदी में नहाने के लिए उतरे थे।कुनन्मंगलम पुलिस स्टेशन से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है ।













## तीन वर्ष से लापता युवती के मामले की जांच करेगी सीबीआई, कोर्ट ने दिया आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**प्रयागराज।** हाईकोर्ट ने पुलिस की जांच पर सवालियां निशान भी खड़े किए। कहा, कोर्ट को भी गुमराह करने की कोशिश कर रही थी। लिहाजा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा के लिए कोर्ट अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए मामले की जांच सीबीआई को सौंपती है।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को फतेहपुर के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत तीन प्रयागराज पुलिस और गठित एसआईटी की टीम भी जांच कर रही थी। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक युवती की लोकेशन गुजरात में मिली थी। बावजूद इसके पुलिस पता नहीं लगा पाई।कोर्ट ने पुलिस की जांच पर सवालियां निशान भी खड़े किए। कहा, कोर्ट को भी गुमराह करने की कोशिश कर रही थी। लिहाजा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा के लिए कोर्ट अपने अधिकारों का



वर्ष से लापता युवती के मामले की जांच का आदेश दिया है। साथ ही मामले में जांच करके सुनवाई की अगली तिथि 21 अगस्त को रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति गौतम चौधरी ने कलावती व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।कोर्ट ने कहा, पुलिस तीन वर्षों से मामले की जांच कर रही है, लेकिन लापता युवती का पता नहीं लगा पाई। जबकि, मामले की निगरानी खुद पुलिस महानिदेशक द्वारा की जा रही थी। फतेहपुर के साथ प्रयोग करते हुए मामले की जांच सीबीआई को सौंपती है।मामले में याची युवती की मां ने यह शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी शादी सुमित कुमार से हुई थी। तीन असामाजिक तत्वों ने उसकी बेटी का अपहरण कर लिया। पुलिस ने पहले इसकी शिकायत दर्ज नहीं की। तब फतेहपुर के एसपी, सीएम पोर्टल और एससीएसटी आयोग से शिकायत करने पर प्राथमिकी दर्ज की गई। कोर्ट ने कहा, पुलिस को कई मौके दिए गए, लेकिन वह युवती का पता लगाने में नाकाम रही।

## एसडीओ व जेई के खिलाफ केस दर्ज कराने को घेरा थाना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।संसू, अटल बिहारी बाजपेयी नगर (नैनी)** जांच के नाम पर बिजली विभाग द्वारा अवैध वसूली किए जाने का आरोप शनिवार को पार्षदों में लगाया। नैनी थाने का घेराव करते हुए पुलिस को तहरीर दी। कहा गया कि जब तक एसडीओ जेल रोड और अवर अभियंता के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया जाएगा, वह वापस नहीं जाएंगे। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने उनको समझा-बुझाकर शांत कराते हुए जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह, पार्षद मयंक यादव, राकेश जायसवाल, प्रेम शंकर यादव, पूर्व प्रधान गुरु प्रसाद राव, पार्षद अनून पासी, संजय पासी, बलराज पटेल, मनोज सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, रमेश मिश्रा, मृत्युंजय यादव, उज्जवल, संजय आदि नैनी थाने पहुंचे। पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सात फरवरी को क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए करीब 20 लोगों की बिजली काट दी गई थी। स्थानीय पार्षद पति पवन यादव ने जब एसडीओ से जानकारी मांगी तो कहा गया कि सभी के खिलाफ बिजली चोरा पार्षदों ने लगाया अबैध वसूली का आरोप, दी तहरीर एवीसी केवल लगाने पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया।जहांगीराचाद के पार्षद रणविजय सिंह ने पुलिस को बताया कि बिजली अधिकारी आए दिन संविदा कमिन्यों को आगे कर गरीबों से अवैध वसूली कर रहे है. जिससे



बाक्स खोलकर कटियामारी की कही बात बिजली अधिकारियों के खिलाफ वसूली का आरोप लगा थाने का घेराव करते सभासद जळता की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। आरोप लगाया कि बाद में पता चला कि जिसने सुविधा शुल्क पहुंचा दिया, उसके नाम एफआइआर नहीं कराई गई। जिन लोगों ने मांग पूरी करने में असमर्थता व्यक्त को, लोग परेशान हैं। विभाग की ओर से बिजली चोरी रोकने के लिए एरियर बंच कंडक्टर (एबीसी) लगाया गया है, लेकिन बाकस खोतकर कटियामारी की जा रही है। एसडीओ हर्ष कुमार का कहना है कि 20 लोगों के घरों को चेकिंग की गई थी। 12 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गए थे। पांच लोगों खिलाफ एफआइआर दर्ज हुई थी।

## किन्नर अखाड़े में आग लगने से झुलसे वृद्ध की मौत, एसआरएन में चल रहा था उपचार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।** क्षेत्र में स्थित किनन्र अखाड़ा के शिविर में बृहस्पतिवार की देर रात भीषण आग लग गई थी। पांच टेंट जलकर राख हो गए थे जबकि तीन लोग झुलस गए। इनमें से दो की हालत गंभीर थी। हादसे में जर्मनी से आई महिला का सामान भी जल गया था। घटना का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।किनन्र अखाड़े के शिविर में लगी आग से झुलसे एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। बृहस्पतिवार की रात में आग लगने से झुलसे करेली के करेंदा के रहने वाले राजकुमार उर्फ बेचन मास्टर (55) को उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालत नाजुक होने पर देर रात उनकी मौत हो गई। थाना प्रयागवाल क्षेत्र में ओल्ड जीटी रोड व संगम लोअर मार्ग चौराहे के पास ही किनन्र अखाड़े का शिविर स्थित है। रोज की तरह ही रात में सभी खाना खाने के बाद सो गए थे। रात 2:20 मिनट पर अचानक शिविर में बने एक टेंट में आग लग गई। इस टेंट में दिल्ली के बदरपुर से आए सतवीर (60) व उनकी पतनी रमेश (57) थीं। दोनों चीखते हुए बाहर भागे तो आसपास के टेंटों में सो चारों तरफ आग की लपटें उठने लगीं।सूचना मिली तो पुलिस और फायर ब्रिगेड पहुंच गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक खाने, कपड़े



रहे श्रद्धालु भी नींद से जग गए। वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने की कोशिशें की, लेकिन वह नाकाम रहे। तब तक आग ने तेजी से फैलते हुए अगल-बगल के चार और टेंटों को भी चपेट में ले लिया। इससे समेत कई अन्य सामान जलकर राख हो गए। इनमें दिल्ली से आए दंपती सतवीर व रमेश और करेंहदा निवासी बेचन (55) साल शामिल हैं। तीनों को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दोस्त की नाबालिग बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या के दोषी की जमानत नामंजूर, चार साल पहले हुई थी घटना

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।**घटना के बाद अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके परिवार के लोग बिहार में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। घर पर उसकी नबालिग बेटी अकेली उसके साथ रह रही थी। 30 दिसंबर 2020 को वह फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए गया था। शाम को घर लौटा तो बेटी को मृत अवस्था में पाया। उसकी गर्दन पर एक शाल लिपटी हुई थीइलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुज्जफरनगर में चार साल पहले दोस्त की नाबालिग बेटी की दुष्कर्म के बाद हत्या के बहुचर्चित मामले में दोषी करार गोविंद की जमानत अर्जी खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजबीर सिंह की अदालत ने उम्रकैद की सजा पाए गोविंद की ओर से दाखिल जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया।मामला मुज्जफ्फरनगर जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र का है।30 दिसंबर 2020 को नाबालिग मृतका के परिजन वैवाहिक समारोह में शामिल होने बिहार गए थे। उसके पिता फैक्ट्री में काम पर गए हुए थे। इसी दौरान 2020 को वह फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए गया था। शाम को घर लौटा तो बेटी को मृत अवस्था में पाया। उसकी गर्दन पर एक शाल लिपटी हुई थी।ऐसे खुला था राज...दुष्कर्म कर हत्या की इस हृदयविदारक घटना का खुलासा पुलिस विवेचना में हुआ था। जांच में सामने आया था कि पीडि.ता का पिता और हत्यारा एक ही फैक्ट्री में साथ काम करते थे। दोनों में दोस्ती भी थी। हत्यारोपी को जानकारी मिली थी कि उसके सहकर्मी का परिवार शादी समारोह में शामिल होने बिहार गया है। घर पर नाबालिग बेटी अकेली है।घटना वाले दिन जब उसका दोस्त गोविंद फैक्ट्री पहुंचा तो मौका देखकर वहां से छुट्टी लेकर पीडि.ता के घर पहुंच गया। पीडि.ता ने पिता के दोस्त को दरवाजे पर देखकर भीतर से कुंडी खोल दी। आरोपी ने भीतर घुसकर बालिका से दुष्कर्म किया और राज खुलने के डर से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचा तो वहां मौजूद पड़ोसियों ने इसकी पहचान उस आदमी के रूप में की, जिसे उन लोगो ने घटना वाले दिन



पिता के साथ फैक्ट्री में काम करने वाले इटावा के इकदिल थाना क्षेत्र के बिरारी निवासी गोविंद ने घर पर अकेली नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और बाद में हत्या कर मौके से भाग गया। हालांकि, मृतका के पिता की ओर से दर्ज एफआईआर में उसको नामजद नही किया गया था।घटना के बाद अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके परिवार के लोग बिहार में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। घर पर उसकी नबालिग बेटी अकेली उसके साथ रह रही थी। 30 दिसंबर पीडि.ता के घर से निकलते देखा था। यहीं से राज खुला गया।विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार जेल भेज दिया और उसके खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। पड़ोसियों के बयानों के साथ ही आरोपी के कपड़ों की आई एफएसएल रिपोर्ट से भी दुष्कर्म की घटना साबित हुई तो मुजफ्फरनगर की पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत ने उसे नाबालिग की दुष्कर्म के बाद हत्या का दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 18 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुना दी। जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## न्यायपालिका को स्वतंत्र बनाने के लिए खड़ा करना होगा आंदोलन, सरकार के पक्ष में हो रहे फैसले

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।**सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि अधिवक्ताओं को और आम जनता को न्यायपालिका को फिर से स्वतंत्र करने के लिए आंदोलन करना पड़ेगा। अदालतों के सारे फैसले सरकार के पक्ष में ही जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि न्यायपालिका का दायित्व है कि वह हमारे मौलिक अधिकारों की रक्षा करे, लेकिन हम देख रहे हैं कि वह मूक दर्शक बनकर बैठी है। प्रशांत भूषण शनिवार को कांग्रेस कमेटी विधि विभाग की ओर से आयोजित सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक न्याय और सजग न्यायपालिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि इस समय वकीलों और आम जनता को न्यायिक सुधार के बारे में सोचना चाहिए। न्याय पालिका को फिर से स्वतंत्र बनाने के लिए खड़ा होना चाहिए। इसके लिए एक आंदोलन किया जाना चाहिए। न्यायपालिका के सारे फैसले करीब-करीब सरकार के हक में जा रहे हैं। सरकार चाहे जो करे उसे होने दिया जा रहा है, चाहे व जितना भी गैर संवैधानिक क्यों न हो। उन्होंने कहा कि तानाशाही लोकतंत्र को खत्म कर रही है। सरकार संविधान और कानून से नही बुलडोजर से चल रही है, न्यायपालिका मूक दर्शक की भूमिका में है, इसके तमाम कारण है लेकिन जो भी है चिंतनीय है। इस भयावह स्थिति से देश को बचाना बड़ी चुनौती है, जिससे निपटने के लिए वकीलों को तैयार होना होगा।संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र ने कहा कि अदालतों ने बढ़ते मुकदमों और उसके निस्तारण में हो रही देरी चिंता का विषय है। जजों की नियुक्ति में सरकार का कोलेजियम के फैसले में हस्तक्षेप बढ़ना ठीक नही है।पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा सरकार देश की हर तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है।संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे विधि विभाग के प्रदेश चेयरमैन नितिन मिश्रा ने कहा कांग्रेस पार्टी



संविधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर तानाशाही कायम करना चाहती है, जिसके लिए न्यायपालिका को लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में काम करना चाहिए। सरकार के अलोकतांत्रिक फैसलों से त्रस्त जानत न्यायपालिका की लोकतंत्र कायम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उसी संकल्प के साथ बढ़ रही है। कांग्रेस को सत्ता की नही देश के लोकतंत्र की चिंता है, जिसे भाजपा सरकार खत्म करना चाहती है।

## पीपापुल से गंगा में गिरे युवक की डूबने से मौत, फेरी लगाकर मिर्च बेचने निकला था

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**

**प्रयागराज।**लालापुर क्षेत्र के प्रतापपुर गांव से नंदा का पूरा कौशांबी को जोड़ने वाले पीपा पुल पर सुबह लगभग सात बजे हादसा हो गया। सरायअकिल के इसीपुर गांव निवासी महेंद्र (30) पुत्र देवराज लालापुर में मिर्च की फेरी लगाता था।फेरी लगाकर मिर्च बेचने निकला युवक पीपापुल से गंगा नदी में गिर गया। गहरे पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पुल से गुजर रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उसे बाहर निकलवाया। घटना की जानकारी परिवार के लोगों को देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के चलते पुल पर कुछ देर तक आवागमन बाधित रहा।



आधुनिक
गेस्ट हाउस

- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)





CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710

आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

# जनपद के सभी थाना कोतवाली में आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर 10 फरवरी 2024- शासन के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानाध्कोतवाली पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 द्वारा थाना कोतवाली शहर में पहुंचकर आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान मण्डलायुक्त ने फरियादियों की समस्याओं को ससमय निस्तारण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को देते हुए कहा कि एक ही समस्या के समाधान के लिए लोगों को बार-बार फरियाद न लगाना पड़े इस बात का विशेष ध्यान देते हुए त्वरित निस्तारण पर जोर दिया जाये। इस मौके पर मण्डलायुक्त ने आये हुए फरियादियों से उनकी ससमस्याओं को सुनने के साथ ही निस्तारण पर भी जोर दिया। मण्डलायुक्त द्वारा थाना कोतवाली शहर में आये हुये फरियादियों की जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उपस्थित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गयें। उन्होंने कहा कि प्राप्त सभी शिकायतों का तथा फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुये समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि शासन की मंशानुसार फरियादियों की समस्याओं को त्वरित निस्तारण प्राथमिकता में होनी चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। खासकर इस बात का विशेषतौर पर ध्यान दिया जाये कि कोई भी फरियादी एक ही समस्या के लिए बारबार थाना, तहसील का चक्कर कांटने को विवश न होने पाये। भूमि संबंधित मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण कराये। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी सदर एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें।थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का थानावार विवरण निमनंकित है थाना को0शहर पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित. थाना को0कटरा पर 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना विन्ध्याचल पर 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना को0देहात पर 28 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना चील्ह पर 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना कछवां पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना पड़री पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तरित, थाना लालगंज पर 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना हलिया पर 15 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना जिगना पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित , थाना ड्रमण्डगंज पर 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना सन्तनगर 01 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना चुनार पर 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना अदलहाट पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना जमालपुर पर 04 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना मड़िहान पर 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना राजगढ़ पर 04 प्रार्थना पत्र 01 निस्तारित, थाना अहरौरा पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया ।



# कर्मचारियों को गाय के स्वास्थ्य और समय से चारा देने के लिए किया निर्देशित

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** म्नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने टांडा फॉल और रामपुर मड़वा स्थित निराश्रित गौशाला पहुँचे।जहाँ उन्होंने गौशाला का



औचक निरीक्षण किया।उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल,चारे के स्टॉक,उपस्थित रजिस्टर की जांच भी की।उन्होंने कर्मचारियों को गोबर को एक जगह एकत्रित करने के निर्देश के साथ साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिये निर्देशित किया।गौशाला में गौवंशो के लिये चारे का भी स्टॉक पर्याप्त मात्रा में पाया गया।नपाध्यक्ष ने गौवंशो के स्वास्थ्य के साथ समय से चारा देने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित भी किया।इस मौके उन्होंने कहा की गौशाला का निरीक्षण कर कर्मचारियों को गौशाला में विशेष साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया गया है।निराश्रित पशुओं को समय-समय पर चारा देने,नहाने और सफाई का भी विशेष ध्यान देने के लिये भी निर्देशित किया गया है।

# मेरठ सीट पर अब कांग्रेस की मजबूत दावेदारी, गठबंधन के बाद ये है मास्टर प्लान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।** पश्चिमी यूपी में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी कमर कस चुके हैं। सियासी दलों ने अपनी अपनी हार जीत का समीकरण बैठाना शुरू कर दिया है। भाजपा और रालोद के गठबंधन के बाद अब मेरठ सीट कांग्रेस के खाते में जाती दिख रही है।लोकसभा चुनाव के लिए सियासी दलों ने बिसात बिछानी शुरू कर दी है। वहीं रालोद की एनडीए से नजदीकी के चलते कांग्रेस ने मेरठ की लोकसभा सीट के लिए दावेदारी ठोक दी है। माना जा रहा कि किसी चर्चित चेहरे पर दांव खेला जाएगा। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अवनीश काजला का कहना है कि मेरठ सीट के लिए विशेषतौर पर दावेदारी की गई है।शाहनवाज खान को फिर से चुनाव मैदान में उतारा। शाहनवाज यहां से लगातार दूसरी बार सांसद चुने गए। 1962 में क्रांतिकारी सोशलिस्ट पार्टी के उम्मीदवार महाराज सिंह भारती को हराकर शाहनवाज तीसरी बार सांसद बने।तीन बार लगातार जीत



दर्ज कराने वाली कांग्रेस को 1967 में पहली बार मेरठ सीट पर हार का सामना करना पड़ा। 1967 में कांग्रेस के खिलाफ खड़े हुए सोशलिस्ट पार्टी के एम एस भारती ने शाहनवाज खान को मात दी। एक ही उम्मीदवार के बल पर लगातार तीन बार जीत हासिल करने वाली कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका था।

# रोजगार मेले में 310 प्रतिभागियों में से 191 को मिला रोजगार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सहसो।** छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में उत्तर प्रदेश कौशल




विकास मिशन के अंतर्गत बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें नामी गिरामी 11 कंपनियों ने उपस्थित अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लेकर 191 युवाओं को रोजगार दिया। इस अवसर पर नियुक्ति पत्र देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा सरकार युवाओं की प्रतिभा को निखारने तथा उन्हें रोजगार देने के लिए कृत संकल्प है। जिसके लिए सभी ब्लॉकों में रोजगार मेले का आयोजन कर उन्हें नियुक्ति पत्र कंपनियों के माध्यम से दिया जा रहा है। कार्यक्रम के जिला समन्वयक राजकीय आईटीआई नैनी के प्रधानाचार्य यसके श्रीवास्तव ने सरकार द्वारा कौशल विकास मिशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। जिला कौशल प्रबंधन अभिषेक शुक्ला एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुभाष सिंह ने उपस्थित युवाओं से कहां की सरकार की विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगार परक कार्यक्रमों का लाभ उठाकर आगे बढ़े। कार्यक्रम के संयोजक डॉ राकेश कुमार प्रबंधक मां शांति आईटीआई बाबूगंज ने कहा कि तकनीकी शिक्षा अर्जित कर युवा अपना भविष्य सवार सकते है।

# यूनानी दिवस के उपलक्ष्य में व्यापक स्तर पर चलाया गया जागरुकता अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के मंशा के अनुरूप भारतीय चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा किए जा रहे प्रयासों को अभियान आयोजित किया गया जिसमें जनपद वासियों को निशुल्क यूनानी चिकित्सा परामर्श के साथ-साथ निशुल्क यूनानी औषधियों का वितरण किया गया. यूनानी दिवस 2024 का आयोजन दिनांक



सार्थक बनाने हेतु जनपद मिर्जापुर में यूनानी दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें जिले के सभी आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों के चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों में यूनानी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने हेतु जागरूकता अभियान एवं विभिन्न स्थानों पर यूनानी चिकित्सा शिविर एवं औषधिय पौधों का वृक्षारोपण 11 फरवरी दिन रविवार को राजकीय यूनानी चिकित्सालय खजूरी मिर्जापुर के प्रांगण में प्रातः 9:00 बजे से आयोजित की गई है जिसमें संगोष्ठी एवं निःशुल्क यूनानी चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जाएगा प्रभारी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अजय गुप्ता ने इस कार्यक्रम में जनपद वासियों से बढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

# गुमनामी में खो गया, अंधेरा मौन और पूर्ण; एक साल से ऐसे मैसेज और पोस्ट कर रहा था रणवीर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।** वाराणसी में सेंट्रल जेल रोड स्थित वरुणा गार्डेन अपार्टमेंट की छत से छलांग लगा कर जान देने वाला 19 वर्षीय युवक पिछले करीब एक साल से अजीबोगरीब मैसेज और पोस्ट कर रहा था। रणवीर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के बायो में लिखा था, गुमनामी में खो गया... अंधेरा... मौन और पूर्ण। मुझे आजादी मिल गई... सारी आशा खोना ही आजादी हैवाराणसी में सेंट्रल जेल रोड स्थित वरुणा गार्डेन अपार्टमेंट की छत से छलांग लगा कर जान देने वाले 19 वर्षीय रणवीर उपाध्याय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के बायो में लिखा था... गुमनामी में खो गया। अंधेरा... मौन और पूण... 'मुझे आजादी मिल गई... सारी आशा खोना ही आजादी है... अहंकार बदलें...।वह एक साल से ऐसे पोस्ट कर रहा था। हालांकि पुलिस अब गत शुक्रवार को 11 मंजिला अपार्टमेंट की छत से छलांग लगाकर जाकर जान दे दी। जान देने से पहले उसने छत का दरवाजा बाहर से बंद कर लिया था। रणवीर के आत्मघाती कदम ने न सिर्फ उसके परिजनों को बल्कि शहर के लोगों को भी झकझोर कर रख दिया है। सभी की जुबान पर एक ही सवाल है कि आखिरकार वह कौन सी वजह थी कि युवा रणवीर ने जान दे दी।रणवीर के सोशल मीडिया अकाउंट्स को पुलिस खंगाल रही है। शनिवार रात तक पुलिस की पड़ताल में सामने आया कि वह लगभग एक साल से अजीबोगरीब मैसेज और पोस्ट कर रहा था। उसके मैसेज और पोस्ट में कहीं न कहीं से नकारात्मकता का बोध हो रहा था। फिलहाल, पुलिस रणवीर के दोस्तों से बातचीत कर और उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स को खंगाल कर यह पता लगाने का




उसका अकाउंट डिलीट कराएगी। एडीसीपी वरुणा जोन सरवनन टी ने बताया कि रणवीर ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर जान दी थी। उसका वह वीडियो डिलीट कराने के लिए इंस्टाग्राम को एक ई-मेल भेजा जा रहा है। ताकि, उस वीडियो से कोई दुष्प्रेरित न हो सके।युवाओं से यही अपील है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल रचनात्मक कार्यों के लिए करें और किसी भी तरीके से दुष्प्रेरित न हों। अपनी बातें अपने अभिभावकों, दोस्तों और गुरुजनों से जरूर शेयर करेंआपको बता दें कि गुरुधाम कॉलोनी के मूल निवासी गोपाल उपाध्याय सामाजिक और आर्थिक रूप से शहर के एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते हैं। हर तरह की सुविधाओं से संपन्नपरिवार के इकलौते बेटे रणवीर ने अपने जन्मदिन के दिन प्रयास कर रही है कि आखिरकार उसने आत्महत्या क्यों कीबीएचयू के मनोचिकित्सक प्रो. संजय गुप्ता ने कहा कि किशोरों-युवाओं के सुसाइड करने की घटनाएं जिस तरह से बढ़ती जा रही है, उसको बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह एक ऐसी अवस्था होती है, जिस पर परिजनों को उनकी हर गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए। साथ ही, घर में रहने के दौरान भी आपसी संवाद बनाए रखना चाहिए, जिससे कि अगर बच्चों को कोई समस्या है तो उनकी जानकारी मिल सके।अगर किसी तरह का तनाव समझ में आता है तो अच्छे मनोचिकित्सक से उसको दिखाना चाहिए। ध्यान देने की बात यह है कि स्ट्रेस असेसमेंट जरूर करवाएं। इससे आत्महत्या पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# बैंक द्वारा बैंक मित्रों के साथ किए जाृ रहे मानसिक और शारीरिक शोषण

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**मीरजापुर।** तहसील के पतुल्की गांव के शुक्ला रेस्टोरेंट एंड डाबा पर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष बड़े भाई सुरेश सिंह ने किया। बैठक के माध्यम से बैंक द्वारा बैंक मित्रों के साथ किए जा रहे मानसिक और बजाय घटने लगेगी। साथ ही बैंक मित्र का क्षेत्र में प्रभावहीन करने की मानसिकता का पुरजोर विरोध करने का काम संगठन के माध्यम से किया जाएगा। बाधुनिक जमाने में जहां सभी सुविधाओं को कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है यही बैंक द्वारा बैंक मित्र को पुरानी



शारीरिक शोषण का विरोध किया गया। साथ ही प्रत्येक मित्र को 53 के जमाने पुराने तकनीकी की एम-पीओएस मशीन का बहिष्कार किया गया। सभी बैंक मित्र बंधुओं को जानकारी है कि संस्था द्वारा दी जाने वाली मशीन के प्रयोग से बैंक मित्र की आमदनी बढ़ने के तकनीकी की मशीन चलाने की बाध्यता का विरोध किया जाएगा। अगर समय रहते बैंक द्वारा इस प्रकार की समस्या का निवारण न होने पर संपूर्ण देश के बैंक मित्र आंदोलन करने और कार्य का बहिष्कार करने के लिए बाध्य होगी।

# रामलला के दरबार में योगी सरकार ने लगाई हाजिरी, सीएम योगी के साथ मंत्री-विधायकों ने किए दर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।** अयोध्या में यूपी सरकार के मंत्री व विधायकों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। यह पहला मौका है जब पूरी योगी को प्रवेश दिया गयाउधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हो गए।दर्शन करने के बाद इस मौके पर यूपी के विधानसभा अध्यक्ष



कैबिनेट ने रामलला के दर्शन किए।अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में रविवार को योगी सरकार ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। प्रदेश के मंत्री व विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ दर्शन किए। इस दौरान सभी बेहद उत्साहित दिखे और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। राम जन्मभूमि के गेट नंबर 11 से 10 बसों में आए विधायकों और मंत्रियों सतीश महाना भावुक हो गए। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मै यहां उस समय आया था जब यहां एक ढांचा खड़ा था। मै उस समय भी आया था जब यहां एक चबूतरा बना हुआ था। आज भव्य मंदिर में दर्शन किए। मै भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूंअयोध्या पहुंचने पर सभी का जोरदार स्वागत हुआ। स्थानीय लोगों ने बसों पर फूल बरसाते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए।

# पांचवीं की छात्रा से अधेड़ ने किया दुष्कर्म, छह माह से बच्ची को कर रहा था परेशान, गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**ढकनापुरवा।** ढकनापुरवा में एक अधेड़ ने मासूम छात्रा से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। बच्ची ने मां को आपबीती सुनाई, तो मां ने आरोपी के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।कानपुर के ढकनापुरवा में



पड़ोसी अधेड़ ने पांचवीं की छात्रा से दुष्कर्म किया। इसके बाद भी उसे परेशान करता रहा। छह माह बाद छात्रा ने मां को आपबीती बताई। तब आरोपी के खिलाफ मां ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।इलाके की रहने वाली प्राइवेटकर्मी की 12 वर्षीय बेटी एक निजी स्कूल में पढ़ती है। पुलिस के अनुसार छात्रा के घर के पास रहने वाला 54 वर्षीय नासिर अली छह माह से बच्ची को परेशान कर रहा था। बीते साल अगस्त में नासिर बच्ची को स्कूल से घर छोड़ने के बहाने श्याम पैलेस थियेटर में ले गया।वहां बच्ची से दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर बच्ची को साथ लेकर बाहर आया। घर में कुछ बताने पर हत्या की धमकी दी। इसके बाद से बच्ची को अक्सर परेशान करने लगा। बुधवार को बेटी ने मां को आपबीती बताई। गुरुवार को जब वह बेटी को लेकर स्कूल गई, तो नासिर पहले से वहां मौजूद मिला। मां की तहरीर पर पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर गिरफ्तार किया है।

# उपभोक्ताओं ने कनेक्शन में शुल्क जमा किया 7500 रुपये, लग रहा 1500 वाला पोस्टपेड मीटर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**गोरखपुर।** गोरखपुर जिले के भंडारण और मीटर परीक्षण खंड में प्रीपेड मीटर नहीं होने की वजह से हो रही दिक्कत। प्रीपेड मीटर का शुल्क जमा कर बिजली कनेक्शन लेने वालों से अब पोस्टपेड मीटर परिसर में लगाने की बात बोल रहे। बचे शुल्क को बिजली बिल में समायोजन करने का भरोसा भी दिलवा रहे।गोरखपुर में बिजली निगम की लापरवाही का खामियाजा उपभोक्ताओं उठा रहे हैं। शहरी क्षेत्र के चारों बिजली खंड में 60 से अधिक प्रीपेड कनेक्शन वाले उपभोक्ता अपने परिसर के खराब मीटर को लेकर घूम रहे हैं। खंड या उपखंड दफ्तर पहुंच शिकायत करने पर पहले प्रीपेड खत्म होने की जानकारी दी जाती।उपभोक्ता जब कटिया लगाने की बात बोलते तो उन्हें पोस्टपेड मीटर लगवाने की सलाह दी जा रही। उपभोक्ता परेशान हैं कि कनेक्शन के समय 7500 हजार रुपये मीटर शुल्क जमा करवा अब 1500 रुपये वाला पोस्टपेड मीटर लगवाने की सलाह दी जा रही। हालांकि, इसके लिए किसी शुल्क की मांग नहीं की जा रही। भरोसा दिलाया जा रहा कि प्रीपेड मीटर वाले अतिरिक्त शुल्क को बिजली बिल में समाहित कर दिया जाएगा।बिजली निगम उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड मीटर की व्यवस्था लेकर आया था। शहर में करीब सात हजार उपभोक्ताओं के परिसर पर प्रीपेड मीटर लगाए गए हैं। सात सौ से अधिक आवेदन भी लंबित है। लेकिन, वर्तमान में प्रीपेड मीटर नहीं होने से नए मीटर नहीं लग पा रहे हैं। दरअसल, प्रीपेड मीटर के लिए मीटर शुल्क सात हजार रुपये जमा करना होता है। और पोस्टपेड मीटर के लिए 1500 रुपये का शुल्क देना पड़ता। ऐसे में अब मीटर खंड की तरफ से प्रीपेड शुल्क लेकर पोस्टपेड लगवाया जा रहा। उपभोक्ताओं में नाराजगी है।मजबूरन लाइनमैन या अन्य लोगों के साथ साझेदारी कर बाइपास कर बिजली



उपभोग कर रहे हैं। लेकिन, विजिलेंस की जांच में बिजली चोरी में पाबंद हो जाएंगे। बिजली निगम के सूत्रों ने बताया कि इसमें स्थानीय स्तर पर उपभोक्ताओं से सांठगांठ कर अवैध लाइनें खींची जा रही हैं। इससे बिजली निगम को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है।पॉवर कारपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल ने 29 फरवरी तक का समय अभियंताओं को दिया है। इस दौरान आईडीएफ(इंस्ट्रयूमेंट डिफेक्टिव) कनेक्शनों के मीटर बदले जाने हैं। इनकी वजह से उपभोक्ताओं के बिजली आरडीएफ( रीडिंग डिफेक्टिव) हो जा रहे। इन्हें अगर 29 फरवरी तक नहीं बदला गया तो मीटर खंड के एक्सईन का निलंबन और अधीक्षण अभियंता को चार्जशीट दी जाएगी। ऐसे में एक्सईन अपने स्तर से मीटरों को बदले जाने की तेजी कर रहे।महानगर में 278 खराब प्रीपेड मीटर अगस्त महीने में आए थे। इनमें से कुछ मीटर जब उपभोक्ताओं के परिसर में लगाए गए तब इनके खराब होने की जानकारी मिली। इन मीटर में तिथि वर्ष 2018 आ रही थी। बिल गड़बड़ होने की आशंका से उपभोक्ता परेशान होने लगे। भंडार खंड से मीटर खंड ने कुछ मीटर बदले, जबकि कुछ वैसे ही चल रहे।केस एक- गोलघर के व्यापारी हैं हरिशचंद्र जायसवाल। चार किलोवाट बिजली कनेक्शन पर प्रीपेड मीटर लगा था। खराब होने पर उन्होंने मीटर बदलने का आवेदन किया। मीटर खंड ने प्रीपेड मीटर खत्म होने पर पोस्टपेड मीटर लगाने की बात कही। उपभोक्ता ने मना कर दिया।केस दो- बक्शीपुर खंड में टावर संचालक ने प्रीपेड मीटर का शुल्क जमा कर बिजली कनेक्शन का आवेदन किया। प्रीपेड मीटर नहीं होने पर मीटर परीक्षण खंड की तरफ से उपभोक्ता के परिसर में पोस्टपेड मीटर लगवा दिया गया। मजबूरन उपभोक्ता भी सात हजार रुपये शुल्क जमा कर पोस्टपेड मीटर लगवा चुका है।मुख्य अभियंता आशु कालिया ने बताया कि प्रीपेड मीटर नहीं होने से उपभोक्ताओं के परिसर में पोस्टपेड मीटर लगाया जा रहा है। जल्दी ही इनकी ये समस्या खत्म हो जाएगी। प्रीपेड और स्मार्ट मीटर भी जल्द लगने शुरू हो जाएंगे। उपभोक्ता बाइपास कर बिजली न जलाएं। जिन उपभोक्ताओं के परिसर में पोस्टपेड लगवाए जाएंगे, उनके बिजली बिल में मीटर के दर को समाहित किया जाएगा। किसी उपभोक्ता का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

# 10 जिलों के किसानों से पीएम मोदी होंगे रूबरू, देंगे 6 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**वाराणसी।** पीएम मोदी के वाराणसी दौरे को लेकर जिला प्रशासन को ओर से तैयारियां शुरू हो गई हैं। पीएम अपने वाराणसी दौरे के दौरान काशी वासियों को छह हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार करखियांव में पूर्वांचल के 10 जिलों के एक लाख किसानों से रूबरू होंगे। पिंडरा क्षेत्र के करखियांव में प्रस्तावित जनसभा में वाराणसी, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर और चंदौली के तकरीबन 50 हजार भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इस बार पीएम काशी दौरे में लगभग छह हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।प्रधानमंत्री मोदी का काशी दौरा 21 से 24 फरवरी के बीच प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रशासनिक अफसरों के अनुसार प्रधानमंत्री करखियांव में अमूल डेयरी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। उससे जुड़े पूर्वांचल के 10 जिलों के किसानों को बोनस वितरित करेंगे। साथ ही, अमूल डेयरी प्लांट के समीप लगभग एक हजार करोड़ रुपये की परियोजना भेल के



हाइड्रोजन प्लांट और वंदे भारत ट्रेन के पार्ट्स निर्माण यूनिट का शिलान्यास करेंगे। पीएम तकरीबन 30 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उनकी जन्मस्थली सीरगोवर्धनपुर भी जाएंगे और खेल स्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित भी करेंगे।प्रधानमंत्री मोदी का काशी दौरा 21 से 24 फरवरी के बीच प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रशासनिक अफसरों के अनुसार प्रधानमंत्री करखियांव में अमूल डेयरी प्लांट का लोकार्पण करेंगे। उससे जुड़े पूर्वांचल के 10 जिलों के किसानों को बोनस वितरित करेंगे। साथ ही, अमूल डेयरी प्लांट के समीप लगभग एक हजार करोड़ रुपये की परियोजना भेल के हाइड्रोजन प्लांट और वंदे भारत ट्रेन के पार्ट्स निर्माण यूनिट का शिलान्यास करेंगे।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ऊएण्ऊ 10 में देगी एक करोड़ की सहायता।

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**सोनभद्र।** आज बीआरसी घोरावल में समेकित शिक्षा संबंधी प्रशिक्षण में ऊएण्ऊ के प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी अरुण सिंह कुशवाहा ने बताया कि ऊएण्ऊ की स्थापना 26 जुलाई 2020 को आदरणीय विवेकानंद जी ने सह संस्थापक सुदेश पांडे जी ,महेंद्र वर्मा जी व संजीव रजक जी के साथ मिलकर किया था।अब तक 149 दिवंगत शिक्षक के परिवारों को 41 करोड़ 82 लाख की आर्थिक सहायता की जा चुकी है। इसमें बेसिक शिक्षा के सहायक अध्यापक,प्रधानाध्यापक, माध्यमिक के सभी शिक्षक, डाइट के प्रवक्ता,डिग्री कॉलेज के प्रवक्ता,खंड शिक्षा अधिकारी,शिक्षा विभाग से संबंधित क्लर्क -अनुचर, शिक्षामित्र व अनुदेशक सदस्य बन सकते



हैं।टीम लगातार सहयोग करने वाले वैधानिक सदस्य की मृत्यु होने पर उसके द्वारा बनाए गए नॉमिनी के खाते में सभी सदस्यों द्वारा रुपए 30 ऑनलाइन ट्रांसफर किए जाते हैं। वर्तमान सहयोग के आधार पर लगभग 50 से 55 लख रुपए तक सहायता की जा रही है। रजिस्ट्रेशन के लिए के वेबसाइट पर जाकर या गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर अपनी डिटेल भरकर निशुल्क सदस्य बन सकते हैं। श्री अरुण ने यह भी बताया कि टीम गंभीर बीमारी में भी 5 लाख तक की सहायता करेगी।ऊएण्ऊ का लक्ष्य प्रदेश में 10 लाख सदस्य बनाना है जिससे मात्र ?10 के सहयोग से दिवंगत शिक्षक के परिवारों को एक करोड़ की मदद की जा सके।

# पीएम सीएम योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा सोनभद्र बस्ती संपर्क का अभियान के अंतर्गत शनिवार को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक जा रही योजनाओं को बताते हुए उनका लाभ दिलाने को लेकर पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया वहीं मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने बताया कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर पहुंचते योजनाओं से अवगत करा रही है वहीं कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे इसके लिए सरकार के तमाम कर्मचारियों को भी अवगत कराया गया है प्रधान से लेकर डीएम तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने को सक्रिय कार्य कर रहे हैं। इस



प्रमुख अजीत रावत ग्राम पंचायत पकरी में पीएम मोदी सीएम योगी के जनकाल नदी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचने को चलाया गया बस्ती संपर्क अभियान जिसमें ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई हुए हर पात्र व्यक्ति को उसका लाभ पहुंचाने को लेकर सरकार कटुआद है जिसके लिए भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जन-जन तक पहुंचाने के लिए बस्ती संपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को मौके परभाजपा महामंत्री रामसुंदर निषाद ,नगर मंडल अध्यक्ष बलराम सोनी ,आशुतोष , रंजन पांडेय, दिलीप पासवान , संजय कुमार, राजू कनौजिया, आलोक रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# युवाओं ने खेल का किया प्रदर्शन विजेता टीम को मिलेगा जिलास्तरीय मौका,

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**सोनभद्र।** सदर विधायक भूपेश चौबे के संरक्षण में चल रहे विधायक खेल महाकुम्भ में भाग लेने के लिए ब्लॉक स्तरीय क्वालीफाई मैच का आयोजन किया गया। कचनरवा में खेल मैदान पर आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक मिश्रा रहे। दो दिवसीय प्रतियोगिता में दौड़ , बालीबाल, कबड्डी और बालिका वर्ग में खो-खो खेल में क्षेत्रीय युवाओं ने प्रतिभाग किया।ब्लॉक स्तरीय क्वालीफाई टीम को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शशांक मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सुनील जायसवाल आयोजक



मंडल के पंकज ओझा ने प्रशस्ति पत्र एवम मेडल से सम्मानित कर खिलाड़ियों एवम टीम का उत्साहवर्धन किया। बताते चलें कि ब्लॉक स्तर की विजेता टीम जिला मुख्यालय पर चल रहे हाइडिल मैदान विधायक खेल महाकुम्भ 2024 में प्रतिभाग करेंगी। उक्त कार्यक्रम में जमुना पासवान, वाचस्पति तिवारी, अंशु चौबे, वंशीधर ,श्रवण जायसवाल,अलख शुक्ला,

# युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए चलाया जा रहा अभियान-सौरभ कान्त

(आधुनिक समाचार सेवा)

**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार के युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित संगठन युवक मंगल दल एंव सामजिक संगठन युवा भारत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सदर ब्लॉक के राजपुर गांव में नशामुक्ति अभियान चलाकर ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी ने कहा कि आज के परिवेश में नशे की प्रवृत्ति बहुत तेजी से बढ़ रही है।जिसके कारण कई परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए है।खास तौर पर युवाओं दी है।लेकिन इस गम्भीर विषय पर व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान भी चलाने की जरूरत है जिसमे पुलिस अधीक्षक महोदय को भी आमंत्रित किया जाएगा जिससे लोगों को बात जल्दी समझ मे आयेगी और ज्यादा से ज्यादा लोग जागरूक होंगे।युवक मंगल दल के पूर्व जिलाउपाध्यक्ष ओम प्रकाश पटेल एंव पंचायत इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह ने कहा कि युवाओं की यह जिम्मेदारी है कि नशे की बीमारी को जड़ से खत्म करें।जिसके लिए संगठन के लोग घर-घर जाकर व्यापक स्तर पर जागरूक कर रहे



में इसका चलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है और इसी नशे की वजह से कई शादियां टूट जा रही है और नई-नई गृहस्थी चौपट हो जा रही है जिससे उनके बच्चो का भी भविष्य बर्बाद हो जा रहा है।उन्होंने कहा नशे की समस्या गम्भीर है और इस पर बहुत काम करने की आवश्यकता है और घर-घर जाकर लोगों से बात करने की जरूरत है।और कहा कि जनपद के युवा और लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक ने नशे के कारोबारियों पर धड़ाधड़ कार्यवाही कर उनकी कमर तोड़ हैं।जिससे लोगो के अंदर परिवर्तन भी देखने को मिल रहा है।क्षेत्र पंचायत सदस्य भीम एंव राजेश वर्मा ने कहा कि जल्द ही बड़े स्तर पर चौपाल लगाकर युवाओं को नशामुक्ति के लिए प्रेरित करेंगे और एक चेन बनाकर नशामुक्त होने वाले युवाओं को प्रेरणादायक के रूप में आमंत्रित भी किया जाएगा।उक्त अवसर पर सुजीत,बबलू,हिमांशु,राम बच्चन पटेल,गोरखनाथ,विद्या सागर वर्मा,विजयमल,अनिल वर्मा,महेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# खुलेआम हो रही है गुंडागर्दी गरीब कि जमीन पर जबर किया जारहा है सड़क निर्माण

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**सोनभद्र।** सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र के रेनुकूट चौकी अंतर्गत पद्मिनी होटल के पीछे दबंगो द्वारा जमीन पर जबरन सड़क निर्माण करने मामला प्रकाश में आया । द्वारा घायलो का मेडिकल कराकर ममला दर्ज कर कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया।सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र के रेनुकूट स्थित पद्मिनी होटल के पीछे गरीब असहाय लोगो की जमीन पर



दबंग एक दर्जन की संख्या में जमीन पर कब्जा करने पहुंचे वहीं पीड़ित परिवार द्वारा विरोध करने पर लात-घुसे ईंट और डंडे से महिलाओं और बच्चों की पिटाई कर दी वही पीड़ित परिवार के लोगो ने इसका वीडियो बना लिया वीडियो को वायरल कर दिया, हालांकि इस मार-पीट के पीड़ित परिवार अपनी फरियाद लेकर रेनुकूट पुलिस चौकी पर पहुंचे जहां पुलिस के सड़क बनाने का प्रयास कर रहे थे वहीं पीड़ित पक्ष द्वारा बताया गया कि जअमीन पर सड़क बना रहे थे उनको बताया गया कि लेखपाल द्वारा जमीन नापने के बाद सड़क निर्माण होगा लेकिन दबंगो ने एक न सुनी और जबरन निर्माण करने लगे और विरोध करने पर जमकर मारपीट की जिसमे महिलाओ और बच्चों को भी नही बक्सा।

# संगठनात्मक और तैयारी बैठक संपन्न

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी सोनभद्र विधान सभा दुद्धी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधान सभा प्रत्यासी राम लाल गौंड के आवास ग्राम पंचायत नधीरा ब्लॉक म्योरपुर में जिलाध्यक्ष रमेश गौतम की अध्यक्षता में संपनन हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप जिलाउपाध्यक्ष राजेश सिंह व वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष त्यागी थे।बैठक का संयुक्त संचालन अंगूरी बानो और मंजूर खान ने किया।बैठक में कई स्थानीय समाज सेवको ने पार्टी की सदस्यता लिए,जिसमे गुलाब खरवार, राम सकल, हरिशंकर,राम नारायण



भारती, अभिषेक कुमार भारती, राजबली शामिल रहे। आज के बैठक में शामिल रहे मनोज पनीका, तौकीर अहमद खान।

# शक्ति संवाद, चाय पर चर्चा में किए वादा पूरा कर रही भाजपा सरकार : रूबी प्रशाद

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र द्वारा शक्ति वंदन अभियान, स्वयं सहायता समूह एवं एनजीवो संम्पर्क के अंतर्गत शक्ति संवाद, चाय पर चर्चा का कार्यक्रम आज रामलीला मैदान राबर्ट्सगंज मे सम्पनन हुआ जिसमे बतौर मुख्यअतिथि के रुप मे पूर्व विधायक/चेयरमैन नगर पालिका रुबी प्रसाद जी विशिष्ट अतिथि के रुप मे भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी मौजूद रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह व संचालन जिला महामंत्री रामसुन्दर योगदान की बात हो हमारे समूह व एनजीवो के कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान रहा है, समूह व एनजीवो के माध्यम से हमारे देश की नारी शक्ति बहुत सशक्त हुयी है। और कहा कि आप सभी धन्यवाद करते हुए आभार प्रकट करते है।कार्यक्रम संयोजक अजीत रावत ने कहा कि आज से लगभग 10 वर्ष पहले महिलाएं अपने घर से बाहर निकलने मे भी अपने आप को असहज महसूस करती थी उनका मान सम्मान सुरक्षित नही रहता था जैसे ही मोदी जी के नेतृत्व मे देश मे सरकार बनी सबसे पहले



निषाद/जिला महामंत्री महिला मोर्चा गुडिया त्रिपाठी ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि रुबी प्रसाद ने कहा कि आज से 75 वर्ष पूर्व के समय को देखा जाय तो नारी सशक्ति के अंतर्गत विगत की पूर्व सरकारो ने लगातार उपेक्षित रखा 2014 मोदी जी की सरकार आने के बाद से आज देश भर में समूहो व एनजीवो को प्राथमिकता देते हुए नारी सशक्तिकरण को तीव्र गति से मजबूत करने का व हर क्षेत्र मे सहभागी बनने का महिलाओं का सपना साकार हुआ है आज महिलाएं स्वावलंबी बनी है, बहुत सारी हमारी बहने समूह के माध्यम से लखपति दीदी बन चुकी है, और आने वाले समय मे मोदी जी के नेतृत्व मे हमारी बहने समाज के हर क्षेत्र में सबसे अग्रणी भूमिका मे दिखाई देंगी और नारी शक्ति वंदन अभियान में मूल रूप से स्वयं सहायता समूह और एनजीओ से संपर्क पर जोर रहेगा. यह संगठन तमाम महिलाओं तक आसानी से पहुंच बना सकेंगे. इसके तहत 22 फरवरी को प्रधानमंत्री लाइव संवाद करेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में चाहे वह देश के विकास की बात हो या देश की आर्थिक स्थिति मे मोदी जी ने महिलाओं के सम्मान हेतु पूरे देश मे करोड़ो शौचालयों का निर्माण कराया जो बहने लालटेन व ढिबरी में अपने घरों मे कार्य करती थी बच्चों को पढ़ाती थी धुएं मे खाना बनाती थी उन सभी बहनों को योजनाओं के माध्यम से गैस का सिलेण्डर व बिजली देने का काम किया इसी प्रकार की कई योजनाओं को मोदी जी ने विशेष रुप से केवल मातृशक्ति को सशक्त बनाने के लिए चलाया है। और विशेष रुप से समूह व एनजीवों को प्रोत्साहित करके माताओं बहनो के सम्मान को बढ़ाया है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पा सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम मे मुख्यरुप से ब्लॉक प्रमुख चोपन लीला देवी गोंड, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, रमेश पटेल, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, नगर मण्डल अध्यक्ष बलराम सोनी, उपाध्यक्ष अनुपम तिवारी, मण्डल अध्यक्ष गौरीशंकर राहुल पटेल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रमिला जायसवाल, रुबी गुप्ता, किरन तिवारी, रंजन पाण्डेय, हेमलता, सुषमा सिंह सहित आदि कार्यकर्ता व समूह की सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE कौशलं बलम् NAINI ALLAHABAD
सर्टिफिकेट इन फायर एण्ड सेफ्टी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन इंजिनियर, सिस्टम सिक्योरिटी एडीमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी मैनेजमेन्ट के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है
नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।



महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा
उत्तर प्रदेश

★C.O.P.A.
★Fitter
★Security Service
★Electric Technician
★Electrician
★Computer Application
★Repair of Refrigerator & A.C.
★Fire Safety & Industrial Security
★Computer Teacher Training
★Computer Hardware & Maintenance
★Welding Technology
★Certificate in YOGA

Message
नन्दी गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री
स्टाम्प न्यायालय शुल्क, पंजीयन एवं नागरिक उड्डयन विभाग
उत्तर प्रदेश
मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि आपकी संस्था "नैनी आद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र" द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी "प्रवेश विवर्जिका" नाम की पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका छात्र / छात्राओं मे चेतना, सृजनात्मक शक्ति, बौद्धिक क्षमता एवं उनकी वैचारिक एवं मानसिक अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने मे अवश्य सार्थक सिद्व होगी।
संस्था द्वारा प्रकाशित होने वाली पत्रिका " प्रवेश विवर्जिका" के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएं!
भवदीय
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'



Nand Goapal Gupta
नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'
मंत्री

N.C.V.T. D.G.E.T से मान्यता प्राप्त
फिटर
आसान किस्तों में फीस जमा करने की सुविधा
COPA
छात्रवृत्ति की सुविधा
100% प्लेसमेंट की गारंटी
अप्रेन्टिशिप की सुविधा
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity

## आईपीएल 2024से पहले मां देवरी के मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे धोना सर्जरी के बाद नए सीजन में जीत के लक्ष्य से करेंगे वापसी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**आईपीएल 2024 के लिए सभी टीमें धीरे-धीरे अपनी फाइनल तैयारी की ओर बढ़ रही हैं। इस बीच 2023 सीजन की विजेता टीम के कप्तान एमएस धोनी आने वाले सीजन के लिए 5 फरवरी को तमाड़ मे मां देवरी मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे।आईपीएल 2024 के लिए सभी टीमें धीरे-धीरे अपनी फाइनल तैयारी की ओर बढ़ रही हैं। इस बीच 0223 सीजन की विजेता टीम के कप्तान एमएस धोनी आने वाले सीजन के लिए 5 फरवरी को तमाड़ मे मां देवरी मंदिर में आशीर्वाद लेने पहुंचे। घुटने की सर्जरी के बाद धोनी अगले सीजन में जीत के लक्ष्य के साथ वापसी करेंगे।घुटने की सर्जरी के बाद धोनी अगले सीजन में जीत के लक्ष्य के साथ वापसी करेंगे। नए सीजन से पहले धोनी को अपने गृह नगर रांची के पास स्थित मां देवरी मंदिर जाते हुए देखा गया है। ऐसे देखा गया है कि धोनी की मंदिरों से विशेष आस्था जुड़ी हुई है और वह अक्सर आशिर्वाद लेने मंदिरों में जाते रहते हैं।अब अगर आईपीएल की बात करें तो धोनी एक बार फिर वापसी करने के लिए तैयार हैं। धोनी ने आईपीएल 2023 का पूरा सीजन घुटने पर पट्टी बांधकर खेला है। धोनी ने अपनी कप्तानी में चेनन्ई सुपर किंग्स को पांचवीं बार आईपीएल का खिताब जिताया।इसके चलते धोनी ने रोहित शर्मा के साथ पांच खिताब जीतकर बराबरी की। टी20 में धोनी की कप्तानी की खासियत किसी से छिपी नहीं है। धोनी ने अपनी कप्तानी में भारत को टी20 वर्ल्ड कप भी जिताया है। इस बीच धोनी का अपनी फिटनेस पर भी खास ध्यान है। हाल ही में कुछ दिन पहले धोनी के सीएसके के साथ दीपक चाहर ने बताया कि धोनी 2-3 साल और आईपीएल में खेल सकते हैं। उन्होंने बताया कि धोनी अपनी सर्जरी के बाद पूरी तरह से फिट हैं। धोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन अब देखने के लिए फैंस बेताब है। धोनी ने पिछले आईपीएल में ट्रॉफी जीतने के बाद अगले सीजन में वापसी की घोषणा की थी।



## टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया का मास्टर स्ट्रोक, टीम में वापसी करेंगे 3 खूंखार गेंदबाज, न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया टीम का एलान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। इस बीच पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड कीवी टीम के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी करेंगे।ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। इस बीच पैट कमिंस मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड कीवी टीम के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी करेंगे। वनडे और टेस्ट करियर से संन्यास लेने के बाद एक बार फिर डेविड वॉर्नर टी20 फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करेंगेइससे पहले हेजलवुड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे में टीम में वापसी की थी। ट्रेविस हेड को टीम से रिलीज किए जाने के बाद बदलाव में हेजलवुड की वापसी हुई थी। हेजलवुड ने मैच के बाद एलान किया था कि न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया अपनी पूरी ताकत वाली टीम के साथ मैदान में उतरेगा।कमिंस, स्टार्क और हेजलवुड घरेलू जमीन पर टी20 विश्व कप 2022 के बाद अब वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे छोटे फॉर्मेट में मिचेल स्टार्क टीम की कप्तानी करेंगे। इसके साथ ही वनडे और टेस्ट करियर से संन्यास लेने के बाद एक बार फिर डेविड वॉर्नर टी20 फॉर्मेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी करेंगे।डेविड वॉर्नर इस वक्त आईएलटी20 लीग में खेल रहे हैं। ऐसे में उन्हें लीग को बीच में छोड़कर नेशनल टीम में शामिल होना होगा। जून में होने टी20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे छोटे फॉर्मेट की यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया की आखिरी चुनौती होगी।सेलेक्टर्स के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की नजरें आने वाले वर्ल्ड कप पर टिकी हैं। अगले 6 मैचों में हमें वर्ल्ड कप के लिए हमारी टीम सेलेक्ट करने में मदद मिलेगी। विश्व कप से पहले आईपीएल में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी हमारे लिए काफी मददगार साबित होगा। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच् सीरीज 21 फरवरी से 25 फरवरी तक होगी। मिचेल मार्श (कप्तान), पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड



## ‘रविचंद्रन अश्विन सिर्फ अपने लिए 500 टेस्ट विकेट से चूकने के बाद केविन पीटरसन ने भारतीय स्पिनर की ली चुटकी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केविन पीटरसन को लगता है कि रविचंद्रन अश्विन





अपने रिकॉर्ड के चक्कर में अपना बेस्ट प्रदर्शन नहीं कर पाए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान का मानना है कि अगर ऐसा नहीं होता तो अनुभवी स्पिनर और अधिक प्रभावित कर सकते थे अगर वह रिकॉर्ड के पीछे नहीं जाते। अश्विन 500 टेस्ट विकेट लेने से एक विकेट दूर रह गए।बता दें कि अश्विन ने चौथे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी में भारत को पहली सफलता दिलाई। बेन डकेट को आउट कर पहली सफलता हासिल की। फिर ओली पोप और जो रूट को आउट किया। अश्विन टेस्ट करियर में 499 विकेट ले चुके हैं। मैच के बाद केविन पीटरसन ने अश्विन के प्रदर्शन की आलोचना की है।बता दें कि अश्विन ने चौथे दिन इंग्लैंड की दूसरी पारी में भारत को पहली सफलता दिलाई। बेन डकेट को आउट कर पहली सफलता हासिल की। फिर ओली पोप और जो रूट को आउट किया। अश्विन टेस्ट करियर में 499 विकेट ले चुके हैं। वह अपना 500वां विकेट लगभग ले ही चुके थे, जब उन्होंने टॉम हार्टले को कैच आउट कर दिया था, लेकिन डीआरएस ने इंग्लैंड के टेल-एंडर को बचा लिया। मैच के बाद केविन पीटरसन ने अश्विन के प्रदर्शन की आलोचना की है।केविन पीटरसन ने कहा, अश्विन सिर्फ रिकॉर्ड का पीछा कर रहे थे। यही कारण है कि उसने उतनी अच्छी गेंदबाजी नहीं की जितनी वह कर सकता था। उसने कई मौकों पर इसे सही किया। मुझे लगा कि वह विकेट के बाहर ऑफ-स्टंप के बाहर अधिक खतरनाक गेंदबाजी कर रहा था। मुझे लगता है कि वह दाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए ओवर द विकेट गेंदबाजी की। वह ओवर द बॉलिंग को अराउंड बॉलिंग में बदल सकते हैं।बहरहाल, रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। अश्विन ने महान बीएस चंद्रशेखर को पछाड़ दिया है। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ अश्विन 97 विकेट ले चुके हैं। पीटरसन को लगता है ।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जमकर गरजा केन विलियमसन का बल्ला, जड़ा दमदार शतक, रिकी पोंटिंग छूटे पीछे

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केन विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन एक बार फिर बल्ले से शतकीय पारी खेली है। केन विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन एक बार फिर बल्ले से शतकीय पारी खेली हैं। विलियमसन ने दोनों पारियों में दमदार शतक जड़ा है। उन्होंने इस दौरान 132 गेंदों में 12 चौके और 1 छक्के के साथ 82.57 की स्ट्राइक रेट से शतकीय पारी खेली। इस दौरान उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए।विलियमसन ने इससे पहले पहली पारी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक जड़ा था। उन्होंने 118 रन की तूफानी पारी खेली। विलियमसन ने रचिन के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 232 रन जोड़े। अब दूसरी पारी में विलियमसन ने एक बार फिर 109 रन की पारी खेली है।विलियमसन ने इस दौरान 132 गेंदों में 12 चौके और 1 छक्के के साथ 82.57 की स्ट्राइक रेट से शतकीय पारी खेली। विलियमसन ने इसके साथ अपने टेस्ट करियर में 31वां शतक जड़ा है।

## 38 साल के गेंदबाज के आगे भीगी बिल्ली बनी शारजाह वॉरियर्स, महज 79 रन पर पूरी टीम लौटी पवेलियन, नाइटराइडर्स को मिली शानदार जीत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लीग टी20 में सोमवार को अबू धाबी नाइट राइडर्स का मुकाबला शारजाह वॉरियर्स से हुआ। नाइटराइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया।इंटरनेशनल लीग टी20 में सोमवार को अबू धाबी नाइट राइडर्स का मुकाबला बैठी। 4 रन पर टीम ने अपना पहला विकेट गंवाया। टीम के 8 बल्लेबाज 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। टीम के लिए सबसे ज्यादा स्कोर 24 रन रहा, जो डैनियल सैम्स ने बनाया।इसके अलावा कप्तान टॉम कोहलर-कैडमोर सिर्फ 19 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। आदिल राशिद



शारजाह वॉरियर्स से हुआ। नाइटराइडर्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। टीम के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वॉरियर्स की पूरी टीम को महज 17 ओवर में 75 रन पर पवेलियन का रास्ता दिखाया। नाइट राइडर्स ने 11वें ओवर में 79 रन पर 3 विकेट गंवाकर मैच अपने नाम कर लिया।टीम के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वॉरियर्स की पूरी टीम को महज 17 ओवर में 75 रन पर पवेलियन का रास्ता दिखाया। जवाब में नाइट राइडर्स ने 11वें ओवर में 79 रन पर 3 विकेट गंवाकर मैच अपने नाम कर लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी वॉरियर्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम पहले 10 ओवर में अपने 6 विकेट गंवा ने 10 रन बनाए। नाइट राइडर्स की तरफ से रवि बोपारा ने शानदार 4 विकेट अपने नाम किए। जोशुआ लिटिल ने 3 और डेविड विली ने 2 विकेट अपनी झोली में डाले। इमाद वसीम सिर्फ 1 विकेट ही अपने करने में कामयाब रहे।जीत के लिए 75 रन का पीछा करने उतरी नाइट राइडर्स की ओर से जो क्लार्क और माइकल-काइल पेपर ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। क्लार्क 34 और पेपर 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके अलावा अलीशान शराफू 0 पर आउट होकर मैदान से वापस चले गए।सैम हैन और लॉरी इवांस ने आखिरी विकेट के लिए 14 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। वॉरियर्स के लिए मुहम्मद जवादुल्लाह ने तीनों विकेट चटकाए।

## यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक ने सचिन तेंदुलकर को भी किया इंप्रेस, स्टार बल्लेबाज ने अब दिग्गज संग बातचीत का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** विशाखापट्टनम में खेले गए भारत बनाम इंग्लैंड के दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 106 रन से जीत मिली। इस जीत में भारत के नए स्टार यशस्वी जायसवाल का अहम हाथ रहा, जिन्होंने पहली पारी में दोहरा शतक जमाया। यशस्वी की तूफानी पारी ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को भी इंप्रेस किया।भारत बनाम इंग्लैंड के दूसरे टेस्ट मैच में टीम इंडिया को 106 रन से जीत मिली। इस जीत में भारत के नए स्टार यशस्वी जायसवाल का अहम हाथ रहा जिन्होंने पहली पारी में दोहरा शतक जमाया। यशस्वी की तूफानी पारी ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर को भी इंप्रेस किया। दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के बाद यशस्वी ने बड़ा खुलासा किया।अब दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के बाद यशस्वी ने बड़ा खुलासा करते हुए ये बताया है कि दोहरा शतक जड़ने के बाद उनकी महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से बातचीत की।दरअसल, भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी ने वाइजैग टेस्ट की पहली पारी में दोहरा शतक जड़ा था। उनके शतक को देख महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी इंप्रेस हुए। यशस्वी ने भारत के दूसरे टेस्ट में मिली जीत के बाद ये खुलासा किया है कि उन्होंने इस तूफानी शतक के बाद सचिन तेंदुलकर से बात की।





## भारत ने इंग्लैंड के बैजबॉल की निकाली हेकड़ी इन 5 कारणों के चलते जीता दूसरा टेस्ट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 106 रन से करारी शिक्सत दी। विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरा टेस्ट मैच रोमांचक से भरपूर रहा, जहां टीम इंडिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी बेमिसाल रही और अंत में भारत ने ये मैच अपने नाम कर ही लिया।भारतीय टीम ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 106 रन से करारी शिक्सत दी। विशाखापत्तनम में खेले गए दूसरा टेस्ट मैच रोमांचक से भरपूर रहा जहां टीम इंडिया की बल्लेबाजी और गेंदबाजी बेमिसाल रही और अंत में भारत ने ये मैच अपने नाम कर ही लिया। वाइजैग टेस्ट में मिली जीत के बाद भारत ने सीरीज पर 1-1 की बराबरी कर ली।वाइजैग टेस्ट में मिली जीत के बाद भारत ने सीरीज पर 1-1 की बराबरी कर ली। दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के धुरंधर भारतीय गेंदबाजों के आगे क्रीज पर नहीं टिक पाए और इंग्लैंड के बैजबॉल की हवा निकल गई। ऐसे



में किन पांच कारणों की वजह से भारत ने इंग्लैंड को करारी हार दी, आइए जानते हैं।लिस्ट में पहले नंबर पर है यशस्वी जायसवाल का नाम, जिन्होंने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में शानदार शुरुआत करते हुए भारत को एक मजबूती दिलाई। यशस्वी ने पहली पारी में दोहरा शतक जमाया। उन्होंने 290 गेंदों पर 209 रन बनाए, जिसमें 19 चौके और 7 छक्के शामिल रहे।लिस्ट में दूसरे नंबर पर शुभमन गिल का नाम हैं, जिन्होंने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भले ही कुछ खास परफॉर्म नहीं किया, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए तूफानी शतक जमाया। गिल ने 147 गेंदों का सामना करते हुए 104 रन बनाए। उनकी पारी ने भारत की पारी को संभाला।कप्तान रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट में भले ही बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए हो, लेकिन उन्होंने शानदार कैप्टेंसी कर भारत को इस टेस्ट में जीत दिलाई। रोहित ने फील्डिंग में कमाल दिखाया और इंग्लैंड टीम को एक भी मौका नहीं देने दिया। वाइजैग टेस्ट में रोहित ने शानदार कप्तानी से इंग्लैंड को हार दी।

## शुभमन गिल ने बताया कि अस्पताल में क्या-क्या हुआ, अपनी ऊंगली की चोट पर दिया बड़ा अपडेट

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल ने सोमवार को अपनी चोटिल ऊंगली के बारे में बड़ी अपडेट दी। गिल ने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है और वो अगले कुछ दिनों में पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। याद दिला दें कि शुभमन गिल को विशाखापट्टनम टेस्ट के तीसरे दिन दाएं हाथ की ऊंगली पर चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया था।भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाजने सोमवार को अपनी चोटिल ऊंगली के बारे में बड़ी अपडेट दी। शुभमन गिल को रविवार को दाएं हाथ की ऊंगली पर चोट लगी थी जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया था। गिल ने बताया कि अस्पताल में उनका स्कैन हुआ और वो सोमवार को फील्डिंग करने नहीं आए। सरफराज खान ने गिल की जगह फील्डिंग की।



## दिल्ली ने बड़ौदा को ड्रॉ पर रोका, यूपी को बांटने पड़े अंक तमिलनाडु और आंध्र को मिली जीत दिल्ली ने बड़ौदा को ड्रॉ पर रोका यूपी को बांटने पड़े अंक तमिलनाडु और आंध्र को मिली जीत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** रणजी राउंड-5 के चौथे दिन सोमवार, 5 फरवरी को कई मुकाबलों के परिणाम आ गए। ग्रुप सी के एक मैच में तमिलनाडु ने गोवा को 7 विकेट से हरा दिया। वहीं, ग्रुप ए के एक मैच में झारखंड ने मणिपुर को एक पारी और 102 रन से हरा दिया। ग्रुप बी में आंध्र ने बिहार को एक पारी और 157 रन से हराया। वहीं फॉलोऑन के बावजूद दिल्ली ने बड़ौदा के खिलाफ ड्रॉ खेला।रणजी राउंड-5 के चौथे दिन सोमवार 5 फरवरी को ग्रुप सी के एक मैच में तमिलनाडु ने गोवा को 7 विकेट से हरा दिया। वहीं ग्रुप ए के एक मैच में झारखंड ने मणिपुर को एक पारी और 102 रन से हरा दिया। ग्रुप बी में आंध्र ने बिहार को एक पारी और 157 रन से हराया। वहीं फॉलोऑन के बावजूद दिल्ली ने बड़ौदा के खिलाफ ड्रॉ खेला।जमशेदपुर में रणजी ट्रॉफी 2024 के एलीट ग्रुप ए मैच में, झारखंड ने मणिपुर को एक पारी और 102 रनों से हरा दिया। दूसरी पारी में मणिपुर की टीम 93.3 ओवर में 232 रन पर ऑल आउट हो गई। पंकज रौनक ने 22 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि उत्कर्ष सिंह और विकास कुमार ने दो-दो विकेट लिए।वहीं, पटना में ग्रुप बी



मुकाबले में आंध्र ने बिहार को एक पारी और 157 रनों से हरा दिया। 111/8 पर अपनी दूसरी पारी फिर से शुरू करते हुए, बिहार 124 रन पर आउट हो गया। ललित मोहन 4/35 और केवी शशिकांत 3/8 ने दमदार प्रदर्शन किया। नीतीश कुमार रेड्डी को 159 रन बनाने और तीन विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।झारखंड (504/5 घोषित) ने मणिपुर (170 और 232) को एक पारी और 102 रनों से हराय राजस्थान (432) का विदर्भ (391) से मैच ड्रॉ आंध्र (463) ने बिहार (182 और 124) को एक पारी और 157 रन से हरायाकेरल (350 और 251/5 घोषित) का मुकाबला छत्तीसगढ़ (312 और 79/1) से ड्रॉ रहा।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## वेस्टइंडीज के खिलाड़ी की चली जाती जान, कनपटी पर बंदूक रखकर खिलाड़ी से हुई लूटपाट क्रिकेटर को हुआ इतना बड़ा नुकसान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाड़ी की चली जाती जान, कनपटी पर बंदूक रखकर खिलाड़ी से हुई लूटपाट क्रिकेटर को हुआ इतना बड़ा नुकसान लीग से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। वेस्टइंडीज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर, फैबियन एलन से हाल ही में जोहान्सबर्ग में बंदूक की नोक पर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया गया। जमैका के 28 वर्षीय ऑलराउंडर को टीम होटल के बाहर निशाना बनाया गया। फैबियन एलन पार्ल रॉयल्स के लिए खेलते हैं।पार्ल रॉयल्स टीम और क्रिकेट वेस्टइंडीज से जुड़े कई स्रोतों ने इस घटना की पुष्टि की है। सीडब्ल्यूआई के एक सूत्र ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एलन को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त वेस्टइंडीज बोर्ड के एक प्रतिनिधि ने खिलाड़ी से संपर्क स्थापित करने के बाद राहत व्यक्त की। हालांकि खिलाडियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।पार्ल रॉयल्स टीम,और क्रिकेट वेस्टइंडीज से जुड़े कई स्रोतों ने इस घटना की पुष्टि की है। सीडब्ल्यूआई के एक सूत्र ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि एलन को कोई नुकसान नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त, वेस्टइंडीज बोर्ड के एक प्रतिनिधि ने खिलाड़ी से संपर्क स्थापित करने के बाद राहत व्यक्त की।बता दें कि बंदूक से लैस हमलावरों ने प्रसिद्ध सैंडटन सन होटल के पास एलन को घेर लिया और जबरन उनका फोन और बैग सहित निजी सामान छीन ले गए। इस घटना ने टी 20में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।गौरतलब हो कि यह घटना हाल के दिनों में खिलाड़ियों से जुड़े सुरक्षा संबंधी प्रकरण की दूसरी घटना है। यह लीग का दूसरा सीजन है, जो प्लेऑफ चरण में पहुंच गया है। पार्ल रॉयल्स रात में क्वालीफायर 1 के बाद 7 फरवरी को एलिमिनेटर खेलेगी। फाइनल 10 फरवरी को खेला जाएगा।



# सम्पादकीय

## नए साल वाले संकल्पों से राहत देती है 'छोटी सी' फरवरी

जो काम आज पूरे नहीं हुए हैं, वे कल होंगे। हर सुबह एक नई उम्मीद लेकर आती है।कुछ लोगों के लिए फरवरी नीरस हो सकता है, लेकिन इस महीने के साथ दो बातें तो तय हैं। एक तो यह छोटा होता है, और दूसरा यह जनवरी नहीं है। जनवरी हर साल की शुरुआत में जिन दबावों को लेकर आती है, फरवरी उनसे राहत देती है। दरअसल, नए साल की शुरुआत के अति-उत्साह में हम जिन ऊट-पटांग संकल्पों को ले चुके होते हैं और जनवरी के अंत तक जिन्हें त्यागने के बारे में सोच रहे होते हैं, फरवरी का उनके अनुसार, अगर आप सौ फीसदी लक्ष्य हासिल न कर पा रहे हों, तो 80/20 के नियम का पालन करें।उदाहरण के लिए, आप रोज सोचते हैं कि आज से कसरत शुरू करूंगा, लेकिन समय नहीं निकाल पाते, तो दबाव महसूस करने के बजाय सप्ताहांत की सुबह कसरत करने का नियम बनाएं। कहने का आशय है कि खुद को कड़े नियमों से न बांधें। केंट स्टेट यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की प्रोफेसर एंजेला नील-बार्नेट सुझाव देती हैं कि योग, कसरत या भ्रमण संबंधी संकल्पों को पूरा करने के लिए बेहतर




आगमन मौन रूप से उनकी पुष्टि कर देता है। अगर आप अपने संकल्पों में प्रगति नहीं कर पा रहे हैं, तो आपको खुद के प्रति कठोर नहीं होना चाहिए।न्यूयॉर्क में लैंगोन हेल्थ संस्थान में एसोसिएट प्रोफेसर थिआ गालेघर कहती हैं, 'जिंदगी व्यवहारिक एवं नियंत्रित ढंग से चीजों को जोड़ते रहने का नाम है।' फरवरी आपको व्यावहारिकता की जमीन पर उतारती है और लक्ष्यों की ओर बढ़ने का सही तरीका बताती है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में महामारी विज्ञान और जैव सांख्यिकी के प्रोफेसर टायलर जे वेंडरवेले के अनुसार, सबसे पहले तो आप यह सोचें कि क्या आपने सही संकल्प लिया है? वह कहते है, 'ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के बजाय पहले छोटे लक्ष्य बनाएं और धीमी गति से आगे बढ़ें।' होगा, अगर आप कोई ऐसा मित्र या परिवार का सदस्य ढूंढे, जिसके साथ मिलकर आप ये गतिविधियां कर सकें और जो आपको लगातार प्रेरित भी कर सके।डॉ. वैंडरवेले कहते हैं कि अपने प्रियजन का साथ आपको अपने लक्ष्यों पर नियमित नजर रखने में मददगार होता है। चाहे बुधवार रात की एक कॉल हो या फिर रविवार सुबह की कॉफी, आपको अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। डॉ. नील बार्नेट कहते हैं कि संकल्प को पूरा करने में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि खुद को कोसने के बजाय छोटी-छोटी जीतों का आनंद लें। जो काम आज पूरे नहीं हुए, वे कल होंगे। हर सुबह एक नई उम्मीद लेकर आती है।

## मोदी के 'चार सौ पार' के दावे में गुंथे सियासी प्रबंधन के तार

अब सवाल यह है कि क्या भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका लाभ वोटों के रूप में मिलेगा, इसका जवाब पाने के लिए हमे नतीजों का इंतजार करना होगा। इसके दो कारण हैं। पहला तो यह कि भारत रत्न पुरस्कारों में निहित राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूर्ववर्ती अनुभवों में बहुत ज्यादा फलित होती नहीं दिखी है।प्रधानमंत्री यह तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे, लेकिन उसे साकार करने की दिशा में स्वयं प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी भाजपा जिस तरह जमीन आसमान एक किए दे रही है, उससे लगता है कि यह सच हो भी सकता है। भले ही चुनाव पूर्व किए जा रहे ओपीनियन पोल के नतीजे अभी इस दावे को दूर की कौड़ी ही बता रहे हों।बहरहाल, भाजपा की तार



नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के उत्तर में संसद में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा अपने दम पर 370 और एनडीए द्वारा 4 सौ के पार सीटें जीतने का जो दावा किया गया था, उसका आधार मोदी सरकार द्वारा भारत रत्न सम्मानों की झड़ी तथा विपक्षी तथा दूसरे दलों को अपनी छतरी में लाने के अभियान से समझा जा सकता है। वैसे प्रधानमंत्री ने जो दावा कर रहे है, वह जमीन पर कितना उतरेगा, सौ पार की यह रणनीति कई स्तरों पर नजर आती है और साम-दाम-दंड-भेद से प्रेरित है। नैतिक आधार पर इसकी आलोचना हो सकती है, लेकिन व्यावहारिक स्तर पर वह सफल होती दिखती है। यूं भी राजनीति मूलतः सत्ता का खेल है और कुर्सी ही इसका अंतिम साध्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसे बखूबी समझते हैं। इसीलिए दो कदम आगे बढ़ने के लिए एक कदम पीछे हटने में भी उन्हें गुरेज नहीं है।

# भौतिक दुनिया के समानांतर एक ऐसा संस्कार जहां 'सच' है सब कुछ

गणितज्ञ जिन सवालों में अपनी पूरी जिंदगी खपा देते हैं, वे एक स्वतंत्र और कालातीत दुनिया का गूगल मैप हैं। भौतिक दुनिया के समानांतर यह एक ऐसी दुनिया है, जहां कुछ भी अच्छा या बुरा नहीं है, सबकुछ बस 'सच' है। यह भगवान की दुनिया है।सत्तर का हो गया हूं। हैरत की बात है कि मैं अब इस उम्र में कभी-कभी भगवान के बारे में सोचता हूं। हालांकि अपनी सफाई में यह जरूर कह सकता हूं कि भगवान के ये विचार मुझे इसलिए नहीं आते कि अपने अपरिहार्य अंत की ओर बढ़ते हुए मुझे इसकी जरूरत महसूस हो रही है या किसी संत, धर्म या पवित्र पुस्तक की प्रेरणा से यह हो रहा है। भगवान के विचार पर मैं दरअसल गणित के जरिये पहुंचा हूं। गणित और भगवान? गणित से मेरा अर्थ भी ठीक वही है, जो आप समझते हैं। अल्जेब्रा, ज्योमेट्री और कैलकुलस, यानी वही गणित, जो स्कूलों में पढ़ाई जाती है।हालांकि गणित से मेरा लगाव कोई नया नहीं है। कई साल पहले जब मैं स्कूल में था, तभी मैंने गणित की गहराइयों में जाने का फैसला ले लिया था। आखिर मैं इस विषय को कैसे भूल सकता हूं? यही तो है, जिसकी मुहब्बत ने मुझे कलाओं से दूर करते हुए काफी क्रूर बना दिया था। मेरा मानना था कि अगर मैं गणित नहीं पढ़ूंगा तो इससे मेरी सोचने एवं समस्याओं के निदान ढूंढने और दुनिया को जटिल ढंग से देखने की क्षमता सीमित हो जाएगी। मैं यह भी सोचता था कि अगर मैं इस विषय को कुछ हद तक भी समझ लेता हूं तो मैं ज्यादा स्मार्ट हो सकूंगा। आश्चर्य है कि




आज 70 साल की उम्र में भी गणित से अपना परिचय मुझे कम ही लगता है।महसूस होता है कि मैं गणित की दुनिया में एक पर्यटक हूं। लेकिन मेरा अनुभव मुझे यह भरोसा दिलाता है कि भगवान खुद को गणित के माध्यम से अभिव्यक्त करता है। हालांकि इस मामले में मेरा कोई निष्कर्ष नहीं है, लेकिन तमाम गणितज्ञ गणित और भगवान के बीच की कड़ी जरूर ढूंढते रहे हैं। यह कोई आज की बात नहीं है। छठी शताब्दी ईसा पूर्व में पाइथागोरस के बाद से ही गणित में भगवान को ढूंढने के प्रयास जारी हैं। कई गणितज्ञ मानते हैं कि गणित की प्रमेयों में देवत्व की झलक होती है। मसलन, न्यूटन का मानना था कि गणित ईश्वर के दिमाग में आने वाले विचारों का एक प्रकार है।कुछ साधारण से रहस्य हैं, जो यह समझाने में मदद करते हैं कि ऐसा क्यों हो सकता है? सबसे महत्वपूर्ण रहस्य इस सवाल में निहित है कि गणित का निर्माण किया गया या उसकी खोज की गई? कुछ गणितज्ञों का मानना है कि गणित मनुष्य द्वारा आविष्कार की गई एक प्रणाली है, जो विशिष्ट प्रकार की विचार-प्रक्रिया के प्रति मनुष्य के आकर्षण से आकार लेती है। लेकिन बहुमत का मानना है कि गणित मनुष्य की विचार प्रक्रिया से स्वतंत्र रूप से अस्तित्व में है और गणितज्ञ जिन सवालों में पूरी जिंदगी लगाते हैं, वे एक स्वतंत्र और कालातीत दुनिया का गूगल मैप हैं। भौतिक दुनिया के समानांतर यह एक ऐसी दुनिया है, जहां कुछ भी अच्छा या बुरा नहीं है, सबकुछ बस 'सच' है। इस संबंध में कनाडाई गणितज्ञ रॉबर्ट लैंगलैंड्स का मानना है कि गणित पूर्ण नहीं है और इसकी प्रकृति को देखते हुए यह कभी हो भी नहीं पाएगी। गणित दरअसल अनंत को समझने की कोशिश करती है। यह भी संभव है कि गणित खुद ही अनंत हो।प्राचीन काल से धर्मशास्त्री मानते रहे हैं कि अनंत होना भगवान का गुण है। यह भी माना जाता रहा है कि खुद सीमित होने की वजह से मनुष्य उस अनंत ईश्वर की कल्पना नहीं कर सकता। लेकिन उनके अनुसार मनुष्य को यह क्षमता दी गई है कि वह भगवान के स्वभाव को समझ सके। हालांकि धर्मशास्त्री हमेशा से ही भगवान पर एकाधिकार को लेकर थोड़े संवेदनशील रहे हैं। 1859 में लंदन में प्रकाशित 'लीडर्स ऑफ द रिफॉर्मेशन'में जॉन टलच ने 1529 के एक सम्मेलन में एक विवाद पर थोड़ा चिढ़ते हुए मार्टिन लूथर के एक कथन को उद्धृत किया कि 'मुझे आपके गणित से कोई लेना-देना नहीं।भगवान गणित से ऊपर हैं।'19वीं शताब्दी के अंत में गणितज्ञ जॉर्ज कैंटर, जो सेट थ्योरी के जन्मदाता भी हैं, ने पाया कि अनंत का विचार भी स्थिर नहीं है। अनंत का विचार अंतरिक्ष की तरह है, जो निरंतर फैल रहा है। हर अनंत में हर पल कुछ जुड़ रहा है, जो उसे बड़ा अनंत बना रहा है। जाहिर है कि अनंतताएं भी असंख्य हैं और इन्हें एक-दूसरे से जोड़ा भी जा सकता है। लेकिन अनंत की इस यात्रा में कोई व्यक्ति उस बिंदु पर पहुंच सकता है, जिसमें सभी अनंतताएं समाहित हों। कैंटर ने उस बिंदु के बारे में एक मित्र को लिखा, 'यह बिंदु पूर्ण है, जो मानवीय समझ से बाहर है। यह 'एक्टस प्यूरीसिमस' है। यही भगवान है।'जब मैं छोटा बच्चा था, तब भगवान के बारे में इतना नहीं सोचता था, जितना महसूस करता था। खासकर जब मैं परिवार के साथ जंगल में होता था, तब मुझे हर वक्त एक साथ चलने वाली सत्ता की मौजूदगी महसूस होती थी। जो भी चीजें मैं देखता, उनके पीछे उनके सार को महसूस करता था। तब इस अहसास को मैं समझ नहीं पाता था, लेकिन अब समझता हूं। इस अनुभव का नाम 'व्यापकता' है, जिसके बारे में मैंने आज तक किसी के साथ बात नहीं की है। व्यापकता का यह विचार दरअसल सर्वेश्वरवाद का चचेरा भाई है, जो मानता है कि ईश्वर सबमें है।हालांकि मेरे स्कूल में सिखाया गया था कि भगवान किसी एक विलक्षण मनुष्य में और एक पवित्र पुस्तक में वास करता है। मैं भगवान को जंगल के अपने अनुभव से जोड़ता हूं। मैं गणित का इस मायने में आभारी हूं कि इसने मेरा परिचय भगवान से कराया। गणित मेरे लिए वह अप्रत्याशित स्रोत रहा, जिससे मुझे यह महसूस करने का एक विनम्र कारण मिला कि जीवन में जितना मैं विश्वास कर सकता हूं, जिंदगी उससे कहीं ज्यादा है। मैंने कहीं पढ़ा भी है कि मनुष्य के इतिहास में गणित सबसे लंबे समय से चला आ रहा मानवीय विचार है। भगवान की तरह गणित की दुनिया भी विस्मयकारी है।

## ऋष्यमूक पर्वत पर क्यों रहते थे सुग्रीव, संस्कृति के पन्ने बताएंगे कहानी

बाली के डर से सुग्रीव अपने साथियों के साथ ऋष्यमूक पर्वत पर रहने लगे, क्योंकि बाली को मतंग मुनि ने शाप दिया था कि वह ऋष्यमूक पर्वत पर पैर रखेगा, तो उसकी मृत्यु हो जाएगी।किष्किंधा का राजा बाली और सुग्रीव भाई थे। एक बार दोनों में लड़ाई हो गई। बाली ने सुग्रीव को बहुत मारा। उसके बाद से सुग्रीव ने किष्किंधा नगरी छोड़ दी और बाली के डर से अपने साथियों के साथ ऋष्यमूक पर्वत पर रहने लगा, क्योंकि बाली को मतंग मुनि ने शाप दिया था कि वह ऋष्यमूक पर्वत पर पैर रखेगा, तो उसकी मृत्यु हो जाएगी। इसलिए ऋष्यमूक पर्वत सुग्रीव के लिए सुरक्षित स्थान था। मतंग के शाप की कथा दुंदुभि दैत्य से जुड़ी है।दुंदुभि को ब्रह्मा से वरदान मिला कि वह किसी भी शस्त्र से मारा नहीं जाएगा। इस पर दुंदुभि अनाचारी और निभय हो गया। वह लड़ने को उतावला रहता था। एक दिन युद्ध की उत्कट इच्छा लिए वह पाताल लोक से निकलकर समुद्र तट पर आ गया और उसने सागर की लहरों को ललकारा, परंतु लहरें तट पर आती-जाती रहीं। उन्हें दुंदुभि से लड़ने में रुचि नहीं थी। इसके बाद दुंदुभि, हिमालय पर्वत पर पहुंचा। उसने अपने शक्तिशाली हाथों से पर्वत के किनारे चटका दिए और हिमवान को युद्ध की चुनौती दी।हिमवान ने दुंदुभि की चुनौती अस्वीकार करते हुए कहा, 'यह क्षेत्र पावन और शांत होने के कारण युद्ध के लिए सर्वथा अनुपयुक्त है।' इस तरह हिमवान ने भी दुंदुभि को अपने पर्वतीय प्रदेश से लौट जाने को कहा। सागर और पर्वत के व्यवहार से निराश दुंदुभि घूमता-भटकता आखिर किष्किंधा नरेश बाली के द्वार पर पहुंच गया। दुंदुभि ने बाली के पराक्रम के बारे में सुन रखा था। उसे लगा कि बाली युद्ध के लिए उपयुक्त प्रतिद्वंद्वी सिद्ध होगा। कहते हैं, बाली को उसके पिता इंद्रदेव ने एक स्वर्णिम माला प्रदान की थी। उसे भी वरदान था कि उस माला को पहनकर बाली जब भी किसी से युद्ध करेगा तो उसके शत्रु का आधा बल बाली के शरीर में समा जाएगा। दुंदुभि को बाली की माला के बारे में पता नहीं था। दुंदुभि ने वृक्षों को उजाड़ा, नगर की इमारतों को ध्वस्त किया और बड़ा उत्पात मचाया। जब यह समाचार बाली को मिला तो वह समझ गया कि दुंदुभि से युद्ध होना तय था। दिव्य माला पहनकर बाली जैसे ही दुंदुभि के सामने आकर खड़ा हुआ, दुंदुभि का आधा बल माला के प्रभाव से बाली के शरीर में समा गया। दुंदुभि को अचानक अपना शरीर दुर्बल लगने लगा। वह इस परिवर्तन से चकित भी था और परेशान भी, परंतु सोचने के लिए अब समय नहीं था। वह बाली से भिड़ गया।बाली और दुंदुभि में घमासान युद्ध हुआ, जो कई दिनों तक चलता रहा। दोनों ही अत्यंत बलवान और पराक्रमी थे। बाली के पास दिव्य माला थी, तो दुंदुभि के पास ब्रह्मा का वरदान था। फिर भी बाली की माला अधिक प्रभावी सिद्ध हुई और आखिरकार, बाली ने अपने अद्वितीय बल का प्रयोग करते हुए दोनों हाथों से दुंदुभि को ऊपर उठाया और उसे गोल घुमाकर जोर से धरती पर पटक दिया।



दुंदुभि का विशालकाय शरीर धड़ाम से धरती पर गिरा और अगले ही क्षण उसके प्राण निकल गए। परंतु दुंदुभि को मार देने के बाद भी बाली का क्रोध शांत नहीं हुआ। उसने दैत्य का शव उठाया और उसे दूर उछाल दिया। दुंदुभि का शव ऋष्यमूक पर्वत पर जाकर गिरा। संयोग से वहीं मतंग मुनि का आश्रम था। दुंदुभि के रक्त की बूंदें मुनि के आश्रम में गिरीं, तो उनका ध्यान भंग हो गया। मतंग मुनि ने दैत्य का रक्तरंजित शव जब आश्रम के सामने पड़ा देखा, तो उन्होंने आवेश में शाप देते हुए कहा, 'जिसने भी यह घृणित कार्य किया है, उसने यदि इस पर्वत पर पैर धरा, तो उसके सिर के टुकड़े हो जाएंगे और वह तत्काल मारा जाएगा!मतंग मुनि के दिए शाप के कारण ही बाली के लिए ऋष्यमूक पर्वत पर जाना संभव नहीं रहा। फिर जब सुग्रीव को मतंग के शाप का पता लगा, तो उसने ऋष्यमूक पर्वत को अपना आश्रय-स्थल बना लिया। बाद में मतंग मुनि की शिष्या शबरी देवी ने सीता की खोज में निकले श्रीराम-लक्ष्मण को ऋष्यमूक पर्वत का रास्ता बताया था!

## हिंदू वोटों को हासिल करने के लिए भाजपा की नई रणनीति

अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं और कर्नाटक में लोकसभा की 28 सीटें हैं, जो कम नहीं हैं। इसलिए भाजपा की राज्य इकाई ने हिंदू वोटों को एकजुट करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है।कर्नाटक में पिछला विधानसभा चुनाव मई, 2023 में हुआ था। चुनाव से कुछ महीने पहले स्थानीय समाचार पत्रों की सुखियों में चार विषय हावी रहे। पहला, कॉलेजों में आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने वाली कई मुस्लिम लड़कियों द्वारा पहना जाने वाला हिजाब था। दूसरा, कई मुस्लिमों द्वारा किसी जानवर को खाने से पहले उसे मारने की प्रथा थी। तीसरा, एक वयस्क मुस्लिम पुरुष और एक वयस्क हिंदू लड़की के प्यार करने और शादी करने की इच्छा रखने की कभी-कभार होने वाली घटना था। और चौथा, इतिहास और आख्यान में एक ऐसे राजा का स्थान था, जो कभी कर्नाटक राज्य के एक हिस्से पर शासन करता था, और जो दो सौ साल से भी अधिक पहले ब्रिटिश साम्राज्यवादियों से लड़ते हुए मारा गया था।हिजाब, हलाल, लव जिहाद और टीपू सुल्तान-ये तब अखबारों की सुखियां थे, जिन्हें कर्नाटक के मतदाताओं को रिझाने के लिए उछाला जा रहा था। ध्यान दीजिए, नौकरियां, कीमतें, स्कूलों व अस्पतालों की स्थिति, हवा व पानी की स्थिति, सड़कों की स्थिति या ऐसे अन्य विषय नहीं थे, जिनके बारे में किसी को लगे कि उस राज्य के छह करोड़ लोगों के लिए अधिक मायने रखने चाहिए, जहां मैं रहता हूं। हालांकि इसकी वजह पूरी तरह से राजनीतिक थी। सत्तारूढ़ भाजपा सरकार खास लोकप्रिय नहीं थी और उसके मुख्यमंत्री भी उतने प्रभावी नहीं थे। मतदाताओं के सत्ता-विरोधी रुझान को भांपते हुए दिल्ली में बैठे पार्टी के आकाओं ने कर्नाटक चुनाव को पूरी तरह से हिंदू बनाम मुस्लिम मुद्दा बनाने का फैसला किया। भाजपा ने मुसलमानों को अलग और अविश्वसनीय रूप से चित्रित करने की कोशिश की। उन्हें उम्मीद थी कि बहुसंख्यक हिंदू आबादी उसके पक्ष में एकजुट हो जाएगी।लेकिन ये रणनीतियां विफल रहीं। कर्नाटक के चुनाव में कांग्रेस ने काफी सहज ढंग से बहुमत प्राप्त किया, उसकी जीत दो कारणों से हुई-पहला, हिंदी भाषी राज्यों के विपरीत पार्टी का अब भी पूरे कर्नाटक में यथोचित जनाधार है; दूसरा, राज्य इकाई के प्रमुख नेताओं-सिद्धारमैया और डी के शिवकुमार ने कमोबेश मिलकर काम किया। आज कर्नाटक के अखबारों की सुखियां हिजाब, हलाल, टीपू सुल्तान आदि से हटकर ज्यादा ठोस, साथ ही कम सांप्रदायिक मुद्दों, जैसे खराब मानसून का खेती पर प्रभाव, बंगलूरू में सड़कों और सार्वजनिक परिवहन की दयनीय स्थिति, मंत्रियों द्वारा अधिकारियों के तबादले में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार के आरोप आदि हैं। लेकिन धर्म के सवाल अब एक बार फिर सुखियों में हैं। चूंकि अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं और कर्नाटक में लोकसभा की 28 सीटें हैं, जो कम नहीं हैं। इसलिए भाजपा की राज्य इकाई ने हिंदू वोटों को एकजुट करने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया है। इसके लिए कर्नाटक भाजपा ने मांड्या जिले के एक गांव में एक खंभे और उस पर किस तरह का झंडा फहराना चाहिए, इसको लेकर विवाद खड़ा कर दिया।हिंदुत्व के कार्यकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि पुराने हनुमान मंदिर के निकट होने के कारण खंभे पर भगवा झंडा फहराया जाना चाहिए। राज्य प्रशासन का मानना था कि चूंकि खंभा सरकारी जमीन पर है, इसलिए उस पर केवल राष्ट्रीय ध्वज ही फहराया जाना चाहिए। जो मुद्दा मामूली और स्थानीय होना चाहिए था, उसे भाजपा ने बड़ा बना दिया। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक उस गांव पहुंचे और जोर देकर कहा कि कांग्रेस सरकार ने सार्वजनिक खंभे पर भगवा झंडे को फहराने की अनुमति देने से इन्कार करके हिंदू समुदाय का अपमान किया है। एक बड़ी रैली में आर अशोक जद (एस) के नेता एच डी कुमारस्वामी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े थे। अपने अवसरवाद को स्पष्ट दिखाने के लिए कुमारस्वामी ने भगवा शॉल ओढ़ रखा था, जबकि उनकी पार्टी के नाम में 'एस' तकनीकी रूप से 'धर्मनिरपेक्ष' के लिए है।दो फरवरी को डेक्कन हेराल्ड में प्रकाशित वरिष्ठ भाजपा नेता सी टी रवि के एक भाषण पर आधारित रिपोर्ट में दावा किया गया कि बीदर जिले में एक मुस्लिम पीर की दरगाह मूल रूप से 12वीं सदी के हिंदू सुधारक बसवनन द्वारा बनवाया गया एक मंडप था। इसके बाद रवि ने आगामी लोकसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा, 'चुनाव काशी विश्वनाथ और औरंगजेब, सोमनाथ और गजनी तथा हनुमान और टीपू के बीच है। काशी और मथुरा में भव्य मंदिर के निर्माण के लिए मोदी को सत्ता में लौटना चाहिए।'कर्नाटक के भाजपा नेताओं के ऐसे बयान पूरी तरह के उनके सामान्य गुणों के अनुरूप हैं। इससे भी निराशाजनक बात यह है कि राज्य में कांग्रेस नेताओं द्वारा उन हिंदुओं को खुश करने की कोशिश की जा रही है, जो मानते हैं कि राजनीति और शासन व्यवस्था को बहुसंख्यकवादी मुहावरे से चलाया जाना चाहिए। कर्नाटक कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्री रामलिंगा रेड्डी के मामले पर ही विचार करें, जिनका विभाग राज्य के मंदिरों का प्रबंधन करता है। रेड्डी ने 22 जनवरी, जिस दिन अयोध्या में भाजपा प्रायोजित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह चल रहा था, को सभी मंदिरों में पूजा करने का एक आदेश जारी किया। जब केरल दौरे पर गए कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, देखिए, आखिरकार हम सभी हिंदू हैं।अयोध्या घटना के दो हफ्ते बाद रामलिंगा रेड्डी ने मीडिया को बताया कि वह मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से राज्य भर में सौ राम मंदिरों के नवीनीकरण के लिए धन आवंटित करने के लिए कह रहे हैं। जहां तक मुझे पता है, मुख्यमंत्री ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया सार्वजनिक नहीं की है। अतीत में सिद्धारमैया ने राजनीति और समाज में बहुसंख्यकवादी प्रवृत्तियों के खिलाफ दृढ़ता से बात की है।हालांकि उनके हालिया बयान अनिश्चितता की भावना दर्शाते हैं। अयोध्या की घटनाओं पर उनकी प्रतिक्रिया हिंदू भक्ति का प्रदर्शन था। कर्नाटक कांग्रेस द्वारा हिंदुत्व के तरीकों की नकल करने के ये प्रयास नैतिक रूप से संदिग्ध हैं। इससे लाभ मिलने की संभावना नहीं है। याद करें कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में भूपेश बघेल और कमलनाथ ने बार-बार अपनी 'हिंदू' पहचान, राम और हनुमान के प्रति भक्ति का प्रदर्शन किया था। लेकिन इस खेल में भाजपा को कोई हरा नहीं सकता, जैसा कि उन विधानसभा चुनावों के नतीजों से पता चला है।



## संक्षिप्त समाचार

### पत्रकार सागरिका घोष सहित इन चार नेताओं को राज्यसभा भेजेंगी ममता बनर्जी ने उम्मीदवारों का किया एलान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में राज्यसभा की खाली हो रही पांच सीटों के लिए 27 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने चार सीट पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। टीएमसी ने रविवार को पत्रकार सागरिका घोष, पार्टी नेता सुष्मिता देव सहित चार नामों का एलान कर दिया है।पश्चिम बंगाल में राज्यसभा की खाली हो रही पांच सीटों के लिए 27 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ तृणमूल



कांग्रेस ने चार सीट पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। टीएमसी ने रविवार को पत्रकार सागरिका घोष पार्टी नेता सुष्मिता देव सहित चार नामों का एलान कर दिया है। साथ ही टीएमसी ने प्रत्याशियों को राज्यसभा चुनाव की शुभकामनाएं दीं।टीएमसी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर प्रत्याशियों के नामों का एलान किया। बकौल टीएमसी, हमें आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए सागरिका घोष, सुष्मिता देव, मो. नदीमुल हक और ममता बाला ठाकुर के नाम का एलान करते हुए बेहद खुशी हो ही है।टीएमसी ने प्रत्याशियों को शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि वह हर भारतीय के अधिकारों के लिए अदम्य भावना और वकालत की तृणमूल की स्थायी विरासत को बनाए रखने की दिशा में काम करें।

### केरल के कोझिकोड में दर्दनाक हादसा, नदी में नहाने गए तीन लोग डूबे; एक दूसरे को बचाने में गई जान

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये हादसा शनिवार को उत्तरी कोझिकोड जिले के कुनन्मंगलम में हुआ है।केरल के कोझिकोड जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहां एक नाबालिग लड़के समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि ये हादसा शनिवार को उत्तरी कोझिकोड जिले के कुनन्मंगलम में हुआ है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह हादसा उस समय हुआ होगा जब लड़का अचानक पानी में बह गया। तभी ये हादसा हुआ।पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए लोगों की पहचान महिला सिंधु उर्फ मिनी, उसकी बेटी अथिरा और रिश्तेदार 13 वर्षीय अद्वैत के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वह सभी लोग नदी में नहाने के लिए उतरे थे।कुनन्मंगलम पुलिस स्टेशन से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा लगता है कि यह हादसा उस समय हुआ होगा, जब लड़का अचानक पानी में बह गया। इस दौरान महिला और उसकी बेटी ने उसे बचाने की कोशिश की।पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस ने तीनों लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा गई गोष्ठी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा का आयोजन दिनांक 17.02.2024 से 18.02.2024 को कुल 04 पालियों में जनपद सोनभद्र में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होना है। उक्त आयोजित परीक्षा की तैयारी तथा परीक्षा को सकुशल व शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने जाने हेतु ङ आर0पी0 सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक, विन्ध्यांचल परिक्षेत्र मीरजापुरङ की अध्यक्षता में जनपद के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक सहित सभी परिक्षा केन्द्रों के प्रधानाचार्य/प्रबन्धक के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में समस्त परीक्षा केन्द्रों पर परिक्षाथियों के बैठने की व्यवस्था, शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा को सकुशल व शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने, सीसीटीवी कैमरों को चेक करने, परीक्षा में फर्जीवाड़ा पर पूर्णतया रोक लगाने और परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये कड़े प्रबंध किये जाने, कहीं भी फर्जीवाड़ा की सूचना प्राप्त होने पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई करने, सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने, जनपद में यातायात व्यवस्था बनाये रखने तथा राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा अपने -अपने क्षेत्र में संवेदनशीलता के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों में लगी फोर्स को चेक कर उचित दिशा-निर्देश देते हुए शांति सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । इस मौके पर डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी घोरावल दद्दन प्रसाद, क्षेत्राधिकारी यातायात विनोद सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज, थाना प्रभारी करमा, थाना प्रभारी शाहगंज व समस्त परीक्षा केन्द्रों के प्रधानाचार्य/प्रबन्धक उपस्थित रहें ।



## तीन लग्ज़री कार सहित तीन नफर अभियुक्त अन्तर प्रान्तीय स्तर के गाँजा सहित गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**सोनभद्र।** एसटीएफ व थाना राबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा 291.100 कि0ग्रा0 अवैध नाजायज गांजा मय 03 अदद लग्जरी कार व गिरफ्तारी 03 नफर अभियुक्त अन्तर प्रान्तीय स्तर के गाँजा के तरकर किये गये गिरफ्तारपुलिस महानिदेश उत्तर प्रदेश व पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र के निर्देशन में मादक पदार्थी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 11.02.2024 को मुखवीर की सूचना पर एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ व थाना रावर्टसगंज की संयुक्त टीम द्वारा 03 नफर अन्तर प्रान्तीय गाँजा तस्करों को लोढी टोल प्लाजा के पास से 03 अदद लग्जरी कार व उसमें परिवहन किया जा रहा 291,100 कि0ग्रा0 अवैध नाजायज गाँजा व घटना में प्रयुक्तः किया जा रहा 04 अदद मोबाइल फोन, 1320 रूपये नगद व 03 नफर अभियुक्तगण को अन्तर्गत धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 8/20/29/60 में गिरफ्तार किया गया तथा उपरोक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के सम्बन्ध में थाना राबर्ट्सगज में क्रमशः 1. मु0अ0सं0- 104/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 8/20/29/60 का अभियोग पजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी बरामदगी का विवरण निमन्वत् है- गिरफ्तारी का स्थान व दिनांक/ समय-दिनांक 11.02.2024 समय 04.45 बजे दिन में स्थान लोढी टोल प्लाजा थाना राबर्ट्सगंज जनपद सोनभद्र।गिरफ्तारी का विवरण-1. मो0 नौशाद पुत्र मो0 रिजवान अंसारी उर्फ मो0 वकिल नि0 हाउस नं0 105 रोड न0 15ए बारा कालोनी आजादनगर मानगो थाना मानगो जिला जमशेदपुर पूर्वी सिंहभुम जमशेदपुर (झारखण्ड)।2. रवि बास्के पुत्र स्व0 कान्दरा बास्के नि0 हलुदबनी थाना पाटम्दा जिला पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर झारखण्ड।3. मो0 इरशाद पुत्र मो0 रिजवान नि0 हाउस नं0 105 रोड नं0 15ए बारा कालोनी आजादनगर थाना मानगो जनपद पुर्वी सिंहभूम



जमशेदपुर (झारखण्ड)।बरामदगी का विवरण- 1. अभियुक्त मो0 नौशाद उपरोक्त के कब्जे से वाहन संख्या 9300 कार, एक अदद मोबाईल फोन, 600 रूपया, सोनाटा घड़ी, एक अदद 3थ् ।2. अभियुक्त रवि बास्के उपरोक्त के कब्जे से वाहन संख्या 5969 (बलेनो कार), एक अदद मोबाईल फोन, 210 रूपया।3. अभियुक्त मो0 इरशाद उपरोक्त के कब्जे से वाहन संख्या व्ग् 05 एऊ 5999( किया सेल्टास कार), दो अदद मोबाईल फोन, 510 रूपया, लारेन्ज घडी, एक अदद 3थ, एटीएम कार्ड, पैनकार्ड, आधार कार्ड।अभियुक्तगण उपरोक्त के पास से बरामद तीनो वाहनो से कुल 291.100 किया अवैध नाजायज गाँजा बरामद हुआनोटः- है। आपराधिक इतिहासः-1 मु0अ0सं0- 104/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 8/20/29थाना रावर्टसगंज जनपद सोनभद्र।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-1. निरी0 सन्तोष कुमार सिंह एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0 ।2. शिव प्रताप वर्मा प्रभारी निरीक्षक रा0गज सोनभद्र।3. उ0नि0 राहुल पाण्डेय चौकी प्रभारी लोढी थाना रावर्टसगंज सोनभद्र।4. उ0नि0 राकेश कुमार सिंह थाना रावर्टसगंज सोनभद्र।5. मु0आ0 सुनील मिश्रा एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0 ।6. मु0आ0 शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0 ।7. आरक्षी सुधीर कुमार एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0 ।8. आरक्षी श्रीकृष्ण गिरी एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0 ।9. मुख्य आरक्षी चालक सुरेश सिंह एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ उ0प्र0 ।10. का0 विजय कुमार थाना रावर्टसगज सोनभद्र।11. का0 सन्तोष कुमार थाना रावर्टसगज सोनभद्र।12. का0 अल्पित सोनकर थाना रावर्टसगंज सोनभद्र।13. का0 आशीष कुमार थाना रावर्टसगज सोनभद्र।14. हे0का0 रविकान्त गौतम थाना रावर्टसगंज सोनभद्र।

## आशीष मिश्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को होगी सुनवाई, इस मामले में अंतरिम जमानत पर हैं पूर्व मंत्री

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करेगा। आशीष मिश्रा हिंसा मामले में अंतरिम जमानत पर हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर 12 फरवरी को सुनवाई करेगी।सुप्रीम कोर्ट सोमवार को लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की याचिका पर सुनवाई करेगा। आशीष मिश्रा हिंसा मामले में अंतरिम जमानत पर हैं। सितंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे को इस तथ्य पर विचार करते हुए दिल्ली में रहने की अनुमति दी कि आशीष मिश्रा की मां दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं।सितंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे को इस तथ्य पर विचार करते हुए दिल्ली में रहने की अनुमति दी कि आशीष मिश्रा की मां दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी बेटी को भी चिकित्सा उपचार की जरूरत है।हालांकि, कोर्ट ने मिश्रा से दिल्ली



में किसी भी सार्वजनिक समारोह में भाग नहीं लेने और इस मुद्दे पर मीडिया से बातचीत नहीं करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल जनवरी में मिश्रा को अंतरिम जमानत देते हुए कई शर्तें लगाई थीं।सुप्रीम कोर्ट सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना (उद्धव गुट) द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनका गुट असली शिवसेना है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित सूची के अनुसार, सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ 12 फरवरी को सुनवाई फिर से शुरू करेगी।

## 'अगर हाथ साफ हैं तो जांच एजेंसी के नोटिस का जवाब दें', ण्श् पिनाराई विजयन की बेटी पर लगे आरोपों पर भाजपा का हमला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा ने रविवार को केरल में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनकी बेटी टी वीणा से एसएफआईओ द्वारा दिए गए



नोटिस का जवाब देने का आग्रह किया है। दरअसल, केरल के सीएम और उनकी बेटी ने अपनी बंद हो चुकी आईटी कंपनी को लेकर लगे गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय की जांच के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है।भाजपा ने रविवार को केरल में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनकी बेटी टी वीणा से एसएफआईओ द्वारा दिए गए नोटिस का जवाब देने का आग्रह किया है।केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि अगर दो कंपनियों के बीच कोई अनुबंध है तो विशेष सेवा के खरीदार और विक्रेता को जवाब देना होगा और ऐसा न होने पर एइध्ध् ने सीएम की बेटी को नोटिस जारी किया है।बीजेपी ने इसकी आलोचना करते हुए आग्रह किया कि अगर उनके हाथ साफ हैं तो वे जांच एजेंसी के नोटिस का जवाब दें। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि अगर दो कंपनियों के बीच कोई अनुबंध है, तो विशेष सेवा के खरीदार और विक्रेता को जवाब देना होगा और ऐसा न होने पर एइध्ध् ने सीएम की बेटी को नोटिस जारी किया है।त्री का बयान उन मीडिया रिपोर्टों के मद्देनजर आया है जिसमें कहा गया है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय सोमवार को वीना की आईटी कंपनी द्वारा केंद्रीय एजेंसी की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर विचार करेगा।मुरलीधरन ने अट्टिंगल में संवाददाताओं से कहा, 'अगर अवैध भुगतान विवाद में मुख्यमंत्री के हाथ साफ हैं, तो अदालत जाने के बजाय जांच एजेंसी को जवाब दिया जाना चाहिए।'हाल ही में विजयन ने राज्य विधानसभा में कहा था कि उनके हाथ साफ हैं और इसलिए आरोपों का उन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।गौरतलब है कि केंद्र ने कोच्चि स्थित निजी खनिज कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और विजयन की बेटी की कंपनी - एक्सलॉजिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की एसएफआईओ जांच का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय में याचिका में आरोप लगाया गया था कि 'सरकार की मशीनरी ने जानबूझकर सीएमआरएल में सभी भ्रष्ट आचरण और अवैध कारोबार को सहायता और सुविधा प्रदान की।'मुरलीधरन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच सीएम की बेटी को बचाने के सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के कथित कदम की भी आलोचना की। मुरलीधरन ने यह भी पूछा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने विजयन की बेटी की कंपनी के खिलाफ सीबीआई जांच की घोषणा क्यों नहीं की, जबकि एक्सलॉजिक का मुख्यालय बेंगलुरु में था।आरओसी रिपोर्ट का हवाला देते हुए, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ विपक्ष ने दावा किया है कि वीणा की कंपनी ने झूठे दस्तावेजों का उपयोग करके और बिना कोई सेवा प्रदान किए धन प्राप्त किया था।

## पिछले 24 घंटे में कोविड के 114 नए मामले आए सामने, महाराष्ट्र में हुई एक की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 114 नए मामले सामने आए हैं। वहीं कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है और देश में इस बीमारी के सक्रिय मामलों की संख्या 870 है। मंत्रालय के अनुसार 24 घंटे की अवधि में महाराष्ट्र में एक मौत की सूचना मिली है।5 दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक में आ गई थी, लेकिन नए वैरिएंट के सामने आने और ठंड के मौसम की स्थिति के बाद मामले



ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार 24 घंटे की अवधि में महाराष्ट्र में एक मौत की सूचना मिली भारत में एक दिन में कोविड-19 के 114 नए मामले सामने आए हैं। वहीं कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है और देश में इस बीमारी के सक्रिय मामलों की संख्या 870 है। मंत्रालय ने रविवार को इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह 8 बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के बढ़ने लगे7 मई, 2021 को 4,14,188 मामले और 3,915 मौतें दर्ज की गई थीं, जो भारत के इतिहास में दैनिक मामलों का सबसे चरम था। 2020 की शुरुआत में महामारी शुरू होने के बाद से, 4.5 करोड़ से अधिक लोग इस बीमारी से संक्रमित हुए है और 5.3 लाख से अधिक मौतें दर्ज की गई।मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, इस बीमारी से ठीक होने वाले लोगों की संख्या 4.4 करोड़ से अधिक है, जिसकी राष्ट्रीय रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत है। हैं।

## प्रधानाचार्य को मिली धमकी से उनका परिवार दहशत में

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के एक स्कूल प्रधानाचार्य के ऊपर जानलेवा हमला व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में पीड़ित कई दिनों से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दर-दर के तहत आवास में अंदर घुसकर गाली गलौच की और म् ू एक्ट लगवाने की धमकी दी।जिसकी वीडियो मेरे परिजनों ने बना ली।जिसकी शिकायत चार फ़रवरी को पुलिस व प्रशासन को दी जा चुकी है।बता दे कि पीड़ित पुलिस




की ठोकर खा रहा है।लेकिन फिर पुलिस मूर्क दर्शक बनी बैठी है।आपको बता दे कि ग्रेटर नोएडा के धूम मानिकपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य ने एक शिकायत दी है कि विद्यालय के रिटायर्ड उप प्रधानाचार्य ने अपने परिवार के साथ जानलेवा हमला किया व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।लेकिन कई दिनों बाद भी आज तक कोई कारवाई नहीं हुयी है।विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा ने बताया कि बीती चार फरवरी को सुबह के समय वह विद्यालय परिसर में बनी अपने आवास पर थे।इसी दौरान विद्यालय से 31 जनवरी 2024 को रिटायर हुए उप प्राचार्य रणवीर सिंह उनकी पतनी समेत 8-10 दबंगों ने उनके आवास के पहुंच कर मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया व बाहर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचना शुरु कर दिया।जब इसका विरोध किया तो उप प्राचार्य की पतनी ने गलत मंशा व प्रशासन के तमाम उच्च अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहा है।लेकिन फिर भी अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई कारवाई नहीं हुयी है।सबसे बड़ा सवाल ये है कि आरोपियों के सामने पुलिस नतमस्तक क्यों है?सूत्रों की माने तो थाना बादलपुर पुलिस ने अपने निजी स्वार्थी के लिए आरोपियों को अभय दान दे रखा है।पीड़ित का दावा है कि कई बार पुलिस से मिलकर सारे सबूत दे चुका हूँ लेकिन इसके बावजूद पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई करवाई नहीं कर रही है।पीड़ित ने बताया कि आरोपी खुलेआम धमकी दे रहे है।वही दुसरी ओर पुलिस द्वारा सहयोग ना मिलने से मेरा पूरा परिवारदहशत में है।बताते चले कि पीड़ित परिवार इस मामले को लेकर जिले के उच्च अधिकारियों तक अपनी शिकायत पनपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने दोनों गौशालाओ का किया निरीक्षण

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की आज पुण्यतिथि, पीएम मोदी सहित अन्य बीजेपी नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पार्टी के प्रमुख विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का उन्होंने रास्ता दिखाया। पीएम मोदी के अलावा अन्य भाजपा नेताओं ने पोस्ट किया, ठपंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को उनकी पुण्यतिथि पर देशभर के अपने परिवारजनों की ओर से शत-शत नमन। उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का मार्ग दिखाया, जो विकसित भारत के निर्माण में भी प्रेरणास्रोत बना है।ठअन्य भाजपा नेताओं ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को



भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पार्टी के प्रमुख विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति और विरासत को केंद्र में रखकर देश को आगे ले जाने का उन्होंने रास्ता दिखाया। पीएम मोदी के अलावा अन्य भाजपा नेताओं ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।पीएम मोदी ने सोशल मिडिया एक्स पर उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भी सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट कर उनको याद किया साथ ही इस बात पर जोर दिया कि उनके मूल्य हमेशा पार्टी के लिए मार्गदर्शक रहेंगे।गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उपाध्याय का जीवन राष्ट्र सेवा और उसके प्रति समर्पण का एक विशाल प्रतीक है।शाह ने कहा, उनका मानना था कि कोई भी देश अपनी संस्कृति के मूलभूत मूल्यों की उपेक्षा करके प्रगति नहीं कर सकता।

## दिल्ली में बर्फीली हवाएं और कोहरे का सितम जारी, बारिश भी ढाएगी कहर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मौसम का मिजाज स्थिर नहीं हो पा रही है। सुबह के समय में सर्द हवाएं तो सुबह कोहरा और दिन में चमकीली चटक धूप का खेल जारी है। हर पहर मौसम बदलाव के मोड़ पर है। दिल्ली के अलावा पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर कई मैदानी इलाकों में देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर प्रदेश और बिहार साथ-साथ उत्तर भारत के कई इलाकों में 10 से 14 फरवरी को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में मौसम के बदलते रंग के साथ देखा जा सकता है। जहां दिन में खिली धूप तो सुबह और शाम सर्द हवाओं का प्रकोप बना रहता है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में बारिश का दौर जारी रहेगा। उत्तरप्रदेश बिहार झारखंड के साथ उत्तर भारत के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।राजधानी दिल्ली का मौसम लगातार रंग बदल रहा है। रविवार को सुबह के तापमान में जहां खासी गिरावट दर्ज की गई। वहीं, एक बार फिर कोहरे का असर भी देखा




गया। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अगले कुछ दिन सुबह-शाम की ठंडक बनी रहेगी। जबकि दिन में निकलने वाली धूप के चलते ठंड से राहत भी मिलती रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अगले कुछ दिन सुबह के समय हल्का कोहरा रह सकता है। हवा की रफ्तार चार से आठ किमी के बीच रहेगी। बुधवार को हल्की वर्षा की संभावना है। बिहार में एक बार फिर मौसम अपना करवट बदलने वाला है। जहां बिहार के अलग-अलग हिस्सों में मध्यम कोहरा छाया रहा। वहीं अब वहीं मौसम विभाग का कहना है कि 18 फरवरी तक बिहार में ठंड से राहत नहीं मिलेगी। हालांकि दिन में धूप निकलने के कारण लोगों को फिलहाल राहत मिल रही है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगले तीन दिनों तक राज्य का वातावरण शुष्क बना रहेगा। उसके बाद राज्य में वर्षा के आसार बन रहे हैं।पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। जहां दिन में मौसम साफ दिखाई देता है वहीं शाम ढ़लते ही सर्द हवाएं चलने लगती हैं। मौसम विभाग के मुताबिक वहीं 15 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है जिसके चलते बादल छाए रहने बूंदाबांदी व हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। वहीं 14 फरवरी तक मौसम ड्राई रहेगा।मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान 10 फरवरी को उत्तरी तेलंगाना में हल्की से मध्यम बारिश संभव है। कल से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

# मिथुन चक्रवर्ती की सेहत में हुआ सुधार अब आईसीयू से बाहर हैं अभिनेता

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती शनिवार 10 फरवरी सुबह सीने में दर्द की शिकायत के बाद कोलकाता के अपोलो अस्पताल की इमरजेंसी यूनिट में भर्ती हुए थे। इसके बाद शाम को डॉक्टर्स ने उनका हेल्थ अपडेट दिया और बताया कि उन्हें



ब्रेन का (स्ट्रोक) हुआ है।अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। शनिवार को वह अस्पताल में भर्ती हुए थे। अब इस बात की जानकारी खुद एक्ट्रेस देबाश्री रॉय और निर्देशक पथिकृत बसु ने दी है कि वह ठीक हैं। दोनों ने बीते दिन अस्पताल में जाकर अभिनेता से मुलाकात की और फिर बताया कि वह अब आईसीयू से बाहर हैं और ठीक हो रहे हैं।अब टाइम्स नाउ से बात करते हुए एक्ट्रेस देबाश्री रॉय ने बताया कि शनिवार रात उन्होंने अस्पताल में मिथुन दा से मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने खुलासा किया कि वे आईसीयू से बाहर हैं और ठीक हो रहे हैं।एक्ट्रेस देबाश्री रॉय ने कहा कि मैं मिथुन से भी अस्पताल में मिली थी। वह अब बेहतर हैं, उन्हें समय पर अस्पताल ले जाया गया और हां, उनका शुगर लेवल कम हो गया है। वह काफी असहज महसूस कर रहे थे, लेकिन अब वह आईसीयू से बाहर हैं और एक कमरे में आराम कर रहे है।इसके अलावा निर्देशक पथिकृत बसु ने भी अस्पताल में अभिनेता से मुलाकात की जिसके बाद उन्होंने कहा, 'मैं आपको बता दूं कि मैं अभी अस्पताल से आया हूं। मैं उनसे मिला और वह बेहतर हैं। मिथुन दा ने यह भी कहा कि वह कुछ दिनों के बाद शूटिंग फिर से शुरू करेंगे। उन्होंने इस बारे में बात की कि जब वह सेट पर वापस आएंगे तो क्या करेंगे'।बीते दिन शनिवार को अस्पताल ने भी एक बयान जारी कर अभिनेता का हेल्थ अपडेट दिया था। अस्पताल द्वारा कहा गया, 'राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती (73) को दाहिनी तरफ ऊपरी हिस्से में कमजोरी की शिकायत के बाद सुबह 9.40 बजे अपोलो मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, कोलकाता के आपातकालीन विभाग में लाया गया था। निचले अंग मस्तिष्क की एमआरआई समेत आवश्यक प्रयोगशाला और रेडियोलॉजी जांच की गई।उनमें ब्रेन का (स्ट्रोक) का पता चला है। फिलहाल वह पूरी तरह से होश में हैं और स्वस्थ हैं। साथ ही नरम आहार ले रहे हैं। मिथुन चक्रवर्ती की न्यूरो-फिजिशियन, कार्डियोलॉजिस्ट और गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट सहित डॉक्टरों की एक टीम द्वारा निगरानी की जा रही है।

# विकी जैन संग रिश्ते को जज किए जाने पर अंकिता लोखंडे ने ट्रोल्स को लगाई फटकार, बोलीं- 'हमें जीने दो'

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** सलमान खान के मशहूर रियलिटी शो बिग बॉस का सीजन 17 करीब दो सप्ताह पहले समाप्त हो चुका है। शो से बाहर आने के बाद से अंकिता लोखंडे और उनके पति विक्की जैन का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है बिग बॉस 17 के फाइनल में चौथा स्थान हासिल करने वाली अंकिता लोखंडे जब से शो से बाहर आई हैं तब से वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर आ रही हैं। विक्की जैन संग पति-पत्नी के रिश्ते को लेकर अंकिता को खूब टारगेट किया जा रहा है। इसको लेकर अब अंकिता लोखंडे ने चुप्पी तोड़ी है।बिग बॉस के घर में इन दोनों के बीच हुए झगड़े को लेकर ट्रोल्स अंकिता को खूब टारगेट कर रहे हैं। अब इस मामले को लेकर एक्ट्रेस ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। साथ ही अंकिता लोखंडे ने इसको लेकर अब अपनी प्रतिक्रिया दी है। बिग बॉस सीजन 17 में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के बीच काफी लड़ाई-झगड़े देखे गए, जिसकी वजह से इन दोनों के पति-पतनी के रिश्ते को लेकर खूब बातें हुईं। अब जब ये कपल बिग बॉस के घर से बाहर आ गया तो इनके बीच बेशुमार प्यार दिख रहा है, जो शायद कुछ लोगों का रास नहीं आ रहा है और सलमान के शो में इन दोनों के बर्ताव को लेकर इन्हें ट्रोल कर रहे हैं।ऐसे में अब अंकिता लोखंडे ने न्यूज 18 को दिए इंटरव्यू में बताया है- जब मैं बिग बॉस से बाहर निकली तो बहुत प्रेशर फील कर रही थी। हमारे रिश्ते को लेकर मीडिया के पास कई सवाल थे। विक्की संग झगड़ों का मुझ पर काफी बुरा असर हुआ है। कुछ बातें थीं जो मुझे नहीं बोलनी चाहिए थी और कुछ विक्की को नहीं कहनी थीं।लेकिन ठीक है पति-पतनी के रिश्ते में लड़ाई-झगड़े चलते रहते हैं, इसका मतलब ये नहीं की उनके रिलेशनशिप पर उंगली उठाई जाए। जो लोग ऐसा कर रहे हैं, उनसे कहूंगी प्लीज हमें जीने दो, जैसे हम जीना चाहती हैं। मैं और विक्की एक दूसरे के साथ काफी खुश हूं।सलमान खान के शो बिग बॉस 17 में विक्की जैन और अंकिता लोखंडे ने एक कपल के तौर पर एंट्री ली थी। लेकिन ये सीजन उनके बीच अनबन को लेकर फेमस हुआ। शो के दौरान इन दोनों के तलाक को लेकर भी खूब बातें हुई थी।





# कंगना रनोट ने किया खुलासा, बताया क्यों नहीं बनना चाहतीं भारत की प्रधानमंत्री

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट अक्सर अपने बेबाक जवाब के लिए जानी जाती हैं। वह कई बार बॉलीवुड से लेकर राजनीति मुद्दों पर भी अपनी राय देते हुए नजर आती हैं। कई बार उनसे उनके फैंस राजनीति में शामिल होने की उनकी योजना के बारे में पूछ लेते हैं।वॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट अक्सर राजनीतिक मुद्दों में अपनी राय बेबाक अंदाज में देते हुए नजर आती हैं। अब हाल ही में एक इवेंट में जब एक्ट्रेस से यह सवाल किया गया कि क्या वह देश की प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं। इस सवाल का जवाब देते हुए कंगना ने खुद का करने वाली कंगना इस फिल्म में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाएंगी। इमरजेंसी फिल्म एक पॉलिटिकल ड्रामा है। फिल्म का निर्देशन भी कंगना ही कर रही हैं। फिल्म में श्रेयस तलपड़े, अनुपम खेर, महिमा चौधरी और पुपुल जयकर भी प्रमुख भूमिकाओं में दिखाई दे सकते हैं।अब हाल ही में कंगना रनोट अपकमिंग फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंची थीं। इस इवेंट में एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उनका देश की प्रधानमंत्री बनने के बारे में कोई प्लान है। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी 'इमरजेंसी' नाम की एक



मजाक उड़ाया। चलिए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या कहा।अब हाल ही में एक इवेंट के दौरान उनसे यह पूछ लिया गया कि क्या वह देश की प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखती हैं। ऐसे में कंगना ने क्या जवाब दिया चलिए जानते हैं।इन दोनों बॉलीवुड की क्वीन अपनी आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर सुखियों में बनी हुई हैं, जो जल्द ही रिलीज हो सकती है। अलग-अलग शेड्स के कैरेक्टर फिल्म बनाई है। उस फिल्म को देखने के बाद कोई भी मुझे प्रधानमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहेगा'।बीते साल जून में 'इमरजेंसी' का प्रोमो जारी किया गया था, जिसमें इंदिरा गांधी बनीं कंगना रनोट का वॉइसओवर प्ले किया गया। कंगना रनोट ने बताया था कि इस फिल्म को बनाने के लिए उन्होंने अपनी प्रॉपर्टी भी गिरवी रखी थी। वह डेंगू से भी ग्रस्त हो गई थीं, लेकिन फिर भी उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग जारी रखी।

# ँझ्रंर्व्ंब्ह से मिलने 1100 किलोमीटर साइकिल चला मुंबई पहुंचा ये जबरा फैन, एक्टर ने लगाया गले

एंटरटेनमेंट डेस्क, नई दिल्ली।फैंस को सेलेब्स की जान माना जाता है। अपने पंसदीदा कलाकार के लिए फैंस की दिवानगी के कई किस्से हमने सुन रख रहे हैं। लेकिन फिलहाल एक ऐसे जबरा फैन का मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया है और वह फैन चंदू चैंपियन मूवी कलाकार कार्तिक आर्यन का है। सेलेब्स के प्रति फैंस के दिवानगी जगजाहिर है। इस मामले में अब एक्टर कार्तिक आर्यन का एक नया फैन सामने आ गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है जिसमें कार्तिक आर्यन का एक जबरा फैन झांसी से 1100 किलोमीटर साइकिल चलाकर सुपरस्टार से मिलने मुंबई पहुंच गया है। कार्तिक भी इस क्रेजी फैन से मिलते हुए नजर आए हैं।कार्तिक का ये प्रशंसक उनसे मिलने के लिए 1100 किलोमीटर चलाकर माया नगरी मुंबई आ पहुंचा और एक्टर से मुलाकात की है। इस मामले का एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 2 से हर किसी के दिल पर राज करने वाले कार्तिक आर्यन के चाहने वालों की तादाद काफी ज्यादा है। ऐसे में फिलहाल जो कार्तिक का फैन सामने आया है, उसने अभिनेता के लिए अपने प्यार और दिवानगी से हर किसी



को शॉक्ड कर दिया है।सेलेब्स फोटोग्राफर वरिंदर चावला ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में आपको कार्तिक आर्यन का ये जबरा फैन नजर आ जाएगा, जो उत्तर प्रदेश के झांसी से करीब 1100 किलोमीटर साइकिल चलाकर अपने पसंदीदी कलाकार कार्तिक आर्यन से मिलने उनके घर मुंबई पहुंचा है। लगभग 9 दिन में इस प्रशंसक ने झांसी से मुंबई तक का सफर पूरा किया है।जैसे ही कार्तिक को इस मामले की जानकारी मिली, वह तुरंत अपने घर के बाहर आए और अपने इस डाई-हार्ड फैन से मिले। इस दौरान एक्टर ने उससे हाथ भी मिलया और गले लगाया। सोशल मीडिया कार्तिक और उनके फैन का ये वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है। पति पतनी और वो, सत्य प्रेम की कथा और भूल भुलैया 2 जैसी मूवी से फैंस का मनोरंजन करने वाले कार्तिक आर्यन आने वाले समय में फिल्म चंदू चैंपियन में नजर आएंगे।

# इमरान खान ने शेयर किया मजेदार किस्सा, बताया एक लड़की ने उनसे करवाया था ये काम

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर इमरान खान भले ही अब एक्टिंग की दुनिया से दूर हों, लेकिन वह किसी न किसी वजह से सुखियों में बने ही रहते हैं। उनकी डेब्यू फिल्म 'जाने तू या जाने ना' ने उन्हें रातों रात स्टार बना दिया था। इस फिल्म के बाद उनकी फैन फॉलोइंग में भी काफी बढ़ोत्तरी हुई।अभिनेता इमरान खान भले ही फिल्मी दुनिया से दूर हों लेकिन वह सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी तस्वीरें और पोस्ट शेयर करते रहते हैं। अब हाल ही में अभिनेता ने एक इंटरव्यू में एक मजेदार किस्सा शेयर किया है। अभिनेता ने बताया कि कैसे जब वह लंदन में थे तो एक लड़की ने उनसे ऐसा काम करवाया जिसे सुन आपको हंसी आ जाएगीअब हाल ही में एक इंटरव्यू में इमरान खान ने एक दिलचस्प मनोरंजक किस्सा शेयर किया है। एक्टर ने बताया कि कैसे एक महिला ने उन्हें कार पार्क करने का अनुरोध किया था, लेकिन फिर बाद में उसे एहसास हुआ कि वे कौन है वोग इंडिया के साथ एक इंटरव्यू के दौरान, इमरान खान ने लंदन में घटी एक मनोरंजक घटना का जिक्र किया। एक्टर ने बताया कि वह लंदन की सड़क पर आराम से टहल रहे थे। तभी उन्होंने एक महिला को अपनी कार पार्क के लिए जूझता हुआ देखा।इसके बाद कार का दरवाजा खुला और एक लड़की बाहर निकली और उसने अभिनेता से पार्किंग में मदद करने को कहा। इमरान ने विनम्रतापूर्वक चाबियां स्वीकार कर लीं और गाड़ी को चलाना शुरू कर दिया और सही से कार को पार्क कर दिया।एक्टर ने आगे हंसते हुए बताया कि कार पार्क हो जाने के बाद उस लड़की ने उन्हें बार-बार धन्यवाद दिया। फिर अचानक से उसे एहसास हुआ कि वे अभिनेता इमरान खान है और वह लड़की उन्हें देखकर काफी उत्साहित हो गई। इसके बाद उस लड़की ने चिल्लाते हुए कहा कि ओह माई गॉड, यह आप है।अभिनेता इमरान खान के वर्क फ्रंट की बात करें, तो वह अभी फिल्मों की दुनिया से दूर हैं। हाल ही में उन्हें आइरा खान की शादी में देखा गया था। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, इमरान जल्द ही बॉलीवुड में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, इसे लेकर एक्टर की तरफ से अभी तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।



# पूरा हुआ 'आर्या' का सफर, 'अंतिम वार' में बरकरार सुष्मिता सेन के अभिनय की धार

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** सुष्मिता सेन की डेब्यू वेब सीरीज आर्या का सफर शुक्रवार को तीसरे सीजन के आखिरी चार एपिसोड्स रिलीज होने के साथ ही पूरा हो गया।डिजनी प्लस हॉटस्टार पर आर्या के तीसरे सीजन का दूसरा भाग रिलीज होने के साथ ही इस सीजन का सफर पूरा हो गया है। सुष्मिता सेन अभिनीत सीरीज क्राइम थ्रिलर है जो डच सीरीज पेनोजा पर आधारित है। सुष्मिता ने इस शो में एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है जो अपने पति की मौत के बाद बच्चों की सुरक्षा के लिए परिवार के ड्रग्स के धंधे में उतरती है।इस क्राइम थ्रिलर की शुरुआत 2020 में डिजनी प्लस




हॉटस्टार पर हुई थी। डच सीरीज पेनोजा की इस रीमेक का पहला सीजन ऐसे दौर में आया था, जब पूरी दुनिया पर कोविड का आतंक छाया हुआ था और लॉकडाउन लगा हुआ था।

# रजनीकांत और शाहिद कपूर पर भारी पड़े रवि तेजा, 'ईगल' ने दूसरे दिन की इतनी कमाई

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार रवि तेजा की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। फैंस उनकी मूवी का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में रवि तेजा अपनी लेटेस्ट मूवी ईगल लेकर आ गए हैं, जो 9 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज की जा चुकी है। बीते शुक्रवार को बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक कई मूवीज रिलीज हुई हैं। जिनमें शाहिद कपूर की तेरी बातों में उलझा जिया रजनीकांत स्टारर लाल सलाम और रवि तेजा की ईगल शामिल है। ऐसे में ईगल ने बॉक्स समय में इस मूवी को फिल्म क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलता हुआ नजर आ रहा है। बीते साल फिल्म टाइगर नागेश्वर के बाद रवि तेजा ईगल के जरिए वापसी कर रहे हैं।शानदार ओपनिंग हासिल करने वाली ईगल ने रिलीज के दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है। गौर करें इस फिल्म के कारोबार की तरफ तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को ईगल ने 4.75 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया



ऑफिस पर धमाका करते हुए रिलीज के पहले दो दिन में कमाल का प्रदर्शन कर के दिखाया है।इस दौरान ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर शाहिद कपूर की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और दिग्गज कलाकार रजनीकांत की लाल सलाम को कड़ी टक्कर दी है। आइए जानते हैं कि रिलीज के दूसरे ईगल ने कितना कारोबार किया है। रवि तेजा की तेलुगु एक्शन थ्रिलर ईगल को लेकर फैंस में जबरदस्त हाइप नजर आ रहा है। जिसके चलते मौजूदा है। फिल्म की ये कमाई सभी भाषाओं में है। जहां दो दिन में रवि तेजा की ईगल ने दो दिन में 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है, वहीं दूसरी तरफ रजनीकांत स्टारर लाल सलाम पहले दो दिन में महज 6 करोड़ का कारोबार ही कर सकी है। इसके अलावा शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर रोमांटिक मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर 16 करोड़ कमा लिए हैं।

# नोट कर लो दिन-तारीख, ओटीटी पर इस दिन रिलीज होगी हनु-मैन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनसे रिलीज से पहले कुछ खास उम्मीद नहीं होती है, लेकिन जब वह बड़े पर्दे पर दस्तक देती हैं तो इतिहास बन जाती है। यही कथन तेजा सज्जा स्टारर तेगुलु सुपरहीरो फिल्म हनु मैन पर पूरी फिल्म बड़े पर्दे पर अपना कमाल दिखा रही है। लेकिन अब ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि जल्द ही ये फिल्म ओटीटी पर भी दस्तक देने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये बताया जा रहा है कि हनु मैन की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग अगले महीने की जा सकती है।



तरह से फिट बैठता है। सिनेमाघरों तेलुगु सुपर हीरो फिल्म हनु मैन ने अपने शानदार प्रदर्शन से हर किसी का दिल जीता है। कमाई के मामले में भी एक्टर तेजा सज्जा की ये फिल्म असरदार साबित हुई है। यूं तो हनु मैन अभी भी बड़े पर्दे पर अपना कमाल दिखा रही है लेकिन इस बीच फिल्म की ओटीटी रिलीज को लेकर लेटेस्ट अपडेट सामने आ रहा है।हनु मैन ने अपनी शानदार कहानी और कमाल के वीएफएक्स एक्शन सीक्वेंस के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब फैंस इस मूवी की ओटीटी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, जिसको लेकर एक ताजा अपडेट सामने आ रहा है। पिछले महीने मकर संक्रांति के अवसर पर 12 जनवरी को डायरेक्टर प्रशांत वर्मा की हनु मैन को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया। तब से लेकर अब तक ये मिली जानकारी के अनुसार हनु मैन के मेकर्स ने फिल्म के डिजिटल राइट्स ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 को बेच दिए हैं, जिसके आधार पर 2 मार्च 2024 को तेजा सज्जा की हनु मैन को ओटीटी पर रिलीज किया जा सकता है। हालांकि मेकर्स की तरफ से जब तक इस बात आधिकारिक पुष्टि नहीं होती है, तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। लेकिन इस खबर के सामने आने के बाद फैंस हनु मैन की ओटीटी रिलीज के लिए काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। 11 भाषाओं में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हनु मैन ने कमाई के मामले में जमकर गदर मचाया है। इंडिया में इस मूवी ने करीब 193 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है, जबकि वर्ल्डवाइड ये आंकड़ा करीब 300 करोड़ का रहा है।

# रजनीकांत और शाहिद कपूर पर भारी पड़े रवि तेजा, 'ईगल' ने दूसरे दिन की इतनी कमाई

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार रवि तेजा की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। फैंस उनकी मूवी का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में रवि तेजा अपनी लेटेस्ट मूवी ईगल लेकर आ गए हैं, जो 9 फरवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज की जा चुकी है। 2 बीते शुक्रवार को बॉलीवुड से लेकर साउथ सिनेमा तक कई मूवीज रिलीज हुई हैं। जिनमें शाहिद कपूर की तेरी बातों में उलझा जिया रजनीकांत स्टारर लाल सलाम और रवि तेजा की ईगल शामिल है। ऐसे में ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका करते हुए रिलीज के पहले दो दिन में कमाल का प्रदर्शन कर के दिखाया है।इस दौरान ईगल ने बॉक्स ऑफिस पर शाहिद कपूर की तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और दिग्गज कलाकार रजनीकांत की लाल सलाम को कड़ी टक्कर दी है। आइए जानते हैं कि रिलीज के दूसरे ईगल ने कितना कारोबार किया है। रवि तेजा की तेलुगु एक्शन थ्रिलर ईगल को लेकर फैंस में जबरदस्त हाइप नजर आ रहा है। जिसके चलते मौजूदा समय में इस मूवी को फिल्म क्रिटिक्स और ऑडियंस की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलता हुआ नजर आ रहा है। बीते साल फिल्म टाइगर नागेश्वर के बाद रवि तेजा ईगल के जरिए वापसी कर रहे हैं।शानदार ओपनिंग हासिल करने वाली ईगल ने रिलीज के दूसरे दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत रखी है। गौर करें इस फिल्म के कारोबार की तरफ तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को ईगल ने 4.75 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। फिल्म की ये कमाई सभी भाषाओं में है। जहां दो दिन में रवि तेजा की ईगल ने दो दिन में 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है, वहीं दूसरी तरफ रजनीकांत स्टारर लाल सलाम पहले दो दिन में महज 6 करोड़ का कारोबार ही कर सकी है। इसके अलावा शाहिद कपूर और कृति सेनन स्टारर रोमांटिक मूवी तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया ने अब तक बॉक्स ऑफिस पर 16 करोड़ कमा लिए हैं।



# खत्म हुआ इंतजार, 'सालार' की हिंदी ओटीटी रिलीज का एलान, जानिए कब-कहां होगी स्ट्रीम?

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)
**नई दिल्ली।** बाहुबली फेम सुपरस्टार प्रभास ने फिल्म सालार के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। शानदार प्रदर्शन की बदौलत सिनेमाघरों से लेकर बॉक्स ऑफिस तक सालार ने अपनी छाप छोड़ी है। सिर्फ इतना ही नहीं बड़े पर्दे के बाद ओटीटी पर भी प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन की ये फिल्म छाई हुई है। फिल्म सालार बड़े पर्दे के साथ-साथ ओटीटी पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लेकिन अब ओटीटी पर सालार का धमाका और भी अधिक होने जा रहा है क्योंकि मेकर्स की तरफ से सालार की हिंदी ओटीटी रिलीज का एलान कर दिया गया है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आप इस मूवी को हिंदी में कब और कहां किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देख सकते हैं।इस बीच ओटीटी पर अपना दबदबा और अधिक कायम करने के लिए मेकर्स की तरफ से सालार पार्ट-1 सीजफायर की हिंदी ओटीटी रिलीज की घोषणा कर दी गई है। ऐसे में आइए जानते हैं कि आप इस मूवी को कब और कहां किस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर हिंदी में देख सकते हैं।ओटीटी पर प्रभास की सालार की हिंदी रिलीज का फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में अब फैंस की डिमांड को पूरा करते हुए इस मूवी की हिंदी ओटीटी रिलीज का बड़ा एलान किया है। जिसके मुताबिक प्रभास की एक्शन थ्रिलर सालार को हिंदी में ओटीटी प्लेटफॉर्म डिजनी प्लस हॉटस्टार पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
डाक पंजीयन नं. 99/2018-20
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।